RNI NO. PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

THE GOOD, BAD AND UGLY OF INDIA

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 03 | ISSUE 134 | SUNDAY DATE 07-06-2026 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: DELHI | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## गुस्ताखी माफ

इंतजार पूरा हुआ, द्रवित हुई सरकार।
खातों में अब आ रहे, जल्दी एक हजार।
जल्दी एक हजार, आ रही एक जुलाई।
खातों में आ रहा, खटाखट पैसा भाई।
कह साहिल कविराय, काम ना बचा अधूरा।
इंतजार अब हुआ, हर इक महिला का पूरा।



प्रस्तुति : डॉ. राजेन्द्र साहिल

## संक्षिप्त खबरें

### ममता को एक ओर झटका, टीएमसी के पांच पार्षद कांग्रेस में हुए शामिल

**कोलकाता, यूटर्न/ 06 जून ।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव हारने के बाद टीएमसी में टूट पड़ चुकी है। एक ओर ममता बनर्जी के सामने पार्टी को बचाने की चुनौती है, वहीं दूसरी ओर नेता पार्टी छोड़कर जा रहे हैं। इस बीच ममता को एक और बड़ा झटका लगा है, जब कूचबिहार जिले की मेखलीगंज नगर पालिका के अध्यक्ष और पांच पार्षदों ने पार्टी छोड़कर कांग्रेस का दामन थाम लिया है। इसके बाद नगर निकाय पर अब कांग्रेस का कब्जा हो गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बंगाल के उत्तरी हिस्से में हुआ यह राजनीतिक घटनाक्रम टीएमसी के अंदर जारी उथल-पुथल और सिलसिलेवार दलबदल के बीच सामने आया है, जिसने राज्यभर में पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को हिलाकर रख दिया है। 9 वार्ड वाली मेखलीगंज नगरपालिका पर टीएमसी का नियंत्रण था, जिसमें पार्टी के 8 और बीजेपी का एक पार्षद था।

### शुभेंदु के पीए चंद्रनाथ की हत्या का एक और आरोपी गोलू गिरफ्तार

**लखनऊ, यूटर्न/ 06 जून ।** पश्चिम बंगाल के सीएम के पीए चंद्रनाथ रथ की हत्या मामले में सीबीआई की कोलकाता टीम ने लखनऊ से एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। सूत्रों के मुताबिक सीबीआई ने लखनऊ के एक होटल से विकास मिश्रा को पकड़ा है। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई जांच के दौरान मिले इनपुट के आधार पर की गई। फिलहाल मामले की जांच जारी है और सीबीआई आरोपी से पूछताछ कर रही है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक चंद्रनाथ रथ हत्याकांड में शामिल गोलू सिंह को सीबीआई ने बलिया से गिरफ्तार किया था। गुरुवार को गिरफ्तारी के बाद गोलू को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे ट्रांजिट रिमांड पर सीबीआई कोलकाता लेकर चली गई। गोलू पर चंद्रनाथ हत्याकांड में हथियार व कार खरीद में उसकी भूमिका थी।

## सार्वजनिक स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषय को राजनीतिक बयानबाजी तक सीमित नहीं किया जाना चाहिए : नड्डा

**» नयी दिल्ली, यूटर्न/ 06 जून ।**



केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की टिप्पणियों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि सार्वजनिक स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषय को राजनीतिक बयानबाजी तक सीमित नहीं किया जाना चाहिए। श्री नड्डा ने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि तथ्यों की अनदेखी कर चुनिंदा आंकड़ों का इस्तेमाल राजनीति के लिए किया जा सकता है लेकिन राष्ट्रहित तथ्यों पर आधारित होता है। उन्होंने कहा है कि सार्वजनिक स्वास्थ्य के मुद्दे पर 'अधूरी जानकारी' खतरनाक साबित हो सकती है। देश के स्वास्थ्य क्षेत्र में हुए बदलावों को राजनीतिक बयानबाजी के बजाय तथ्यों के आधार पर देखा जाना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आंकड़े भारत की स्वास्थ्य व्यवस्था में हुए उल्लेखनीय सुधार को दर्शाते हैं।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-3 (2005-06) की तुलना में मातृ स्वास्थ्य सेवाओं में महत्वपूर्ण प्रगति दर्ज की गई है। केंद्रीय मंत्री के अनुसार, गर्भावस्था की पहली तिमाही में प्रसवपूर्व पंजीकरण का प्रतिशत 43.9 प्रतिशत से बढ़कर 76.2 प्रतिशत हो गया है। वहीं संस्थागत प्रसव 38.7 प्रतिशत से बढ़कर 90.6 प्रतिशत तक पहुंच गए हैं। इसके अलावा प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों की देखरेख में होने वाले प्रसवों का प्रतिशत 46.6 प्रतिशत से बढ़कर 91.3 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने कहा कि ये केवल आंकड़े नहीं हैं, बल्कि करोड़ों महिलाओं को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं मिलने, सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित होने और बेहतर स्वास्थ्य परिणामों का प्रमाण हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत की स्वास्थ्य यात्रा की वास्तविक कहानी निराशा नहीं, बल्कि निरंतर प्रगति और सुधार की कहानी है।

उल्लेखनीय है कि श्री खरगे ने केंद्र की भाजपा सरकार पर स्वास्थ्य और पोषण के मुद्दों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि सरकार न केवल महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य के साथ विश्वासघात कर रही है, बल्कि अपनी विफलताओं को छिपाने के लिए महत्वपूर्ण आंकड़ों को भी दबा रही है।

# सीमा सुरक्षा में बड़ा बदलाव

## घुसपैठ रोकने के लिए शुरू होगी 'स्मार्ट बॉर्डर' परियोजना

### शाह ने कहा, सीमा सुरक्षा को मजबूत करना केंद्र की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में

**» नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 जून ।**



देश की सीमाओं को अधिक सुरक्षित और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में केंद्र की मोदी सरकार ने बड़ा कदम उठाने की तैयारी कर ली है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने घोषणा की है कि जल्द ही देश की सीमाओं पर सात से आठ स्थानों पर 'स्मार्ट बॉर्डर' पायलट परियोजना शुरू होगी। इस योजना का उद्देश्य घुसपैठ, तस्करी और अन्य अवैध गतिविधियों पर प्रभावी ढंग से रोक लगाना है।

त्रिपुरा के लंकामुरा सीमा चौकी पर बीएसएफ जवानों को संबोधित केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि सरकार सीमा पार से होने वाली घुसपैठ के जरिए किसी भी प्रकार के जनसांख्यिकीय बदलाव को स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि चाहे त्रिपुरा हो, बंगाल हो या बिहार, सीमा सुरक्षा को मजबूत करना केंद्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। केंद्रीय गृह मंत्री के अनुसार, स्मार्ट बॉर्डर परियोजना में आधुनिक तकनीक, स्थानीय प्रशासनिक संसाधनों और सुरक्षा एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा। यह योजना मौजूदा बाड़बंदी व्यवस्था का पूरक होगी और सीमाओं को अधिक प्रभावी ढंग से सुरक्षित बनाने में मदद करेगी। उन्होंने बताया कि परियोजना की रूपरेखा करीब अंतिम चरण में है और शुरूआती चुनौतियों को दूर करने के बाद पूरे सीमा क्षेत्र में लागू होगी। केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने त्रिपुरा में सीमा सुरक्षा से जुड़ी एक अन्य महत्वपूर्ण घोषणा भी की। उन्होंने बताया कि बांग्लादेश से लगी करीब 650 किलोमीटर लंबी सीमा पर मौजूद 15 वर्ष से अधिक पुरानी 119 किलोमीटर बाड़ को बदलने की मंजूरी दे दी गई है। इससे सीमा प्रबंधन और निगरानी व्यवस्था को और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि देश को सीमावर्ती क्षेत्रों में कई प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इनमें मादक पदार्थों की तस्करी, मानव तस्करी, ड्रोन के माध्यम से नकली मुद्रा और अन्य अवैध गतिविधियां शामिल हैं। शाह ने जोर देकर कहा कि सुरक्षित राष्ट्र का अर्थ केवल बाहरी सैन्य खतरों से रक्षा नहीं है, बल्कि तस्करी, नशे और आर्थिक अपराधों से भी देश को सुरक्षित रखना है।

## युवा देश की सबसे बड़ी ताकत, विकसित भारत के निर्माण में निभाएंगे अहम भूमिकाः मंडाविया

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 जून ।** केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने कहा कि भारत के युवा देश की सबसे बड़ी ताकत हैं और 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य को साकार करने में उनकी भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में युवाओं को नवाचार, उद्यमिता, खेल, स्टार्टअप और सार्वजनिक सेवा जैसे क्षेत्रों में अभूतपूर्व अवसर मिले हैं। डॉ. मंडाविया ने शनिवार को राष्ट्रीय राजधानी के त्यागराज स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित 'यूथ फॉर विकसित भारतः माई भारत यूथ कन्वेंशन' को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस अवसर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी मौजूद रहीं। इस सम्मेलन में देशभर से 6,000 से अधिक युवाओं ने भाग लिया।



## मालवीय नगर अग्निकांड के 15 पीड़ित मैक्स अस्पताल में भर्ती, सभी की हालत स्थिर



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 जून ।** दिल्ली के मालवीय नगर स्थित होटल में लगी आग के बाद साकेत स्थित मैक्स हॉस्पिटल ने मरीजों की स्वास्थ्य स्थिति को लेकर शनिवार को ताजा अपडेट जारी किया है। मैक्स अस्पताल की ओर से जारी बयान के अनुसार, हॉस्पिटल में अभी अग्निकांड के 15 पीड़ित भर्ती हैं। इनमें से 13 विदेशी मरीज हैं। अभी 1 मरीज वेंटिलेटर सपोर्ट पर है और 5 मरीजों को वेंटिलेटर से हटा दिया गया। वे सभी स्टेबल हैं और उनमें लगातार सुधार के संकेत दिख रहे हैं। कुल मिलाकर अभी आईसीयू और वार्ड में 14 मरीजों का इलाज चल रहा है और भर्ती सभी मरीजों की हालत स्थिर बनी हुई है। सभी मरीज ठीक हो रहे हैं और उन्हें सबसे अच्छे नतीजे मिल सकें, इसके लिए पूरी मेडिकल देखभाल, करीबी मॉनिटरिंग, और मल्टीडिसिप्लिनरी सपोर्ट मिल रहा है। दूसरी ओर इस अग्निकांड की जांच कर रही दिल्ली पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा, पुलिस ने कुछ अन्य लोगों को अपनी हिरासत में लिया है। फिलहाल, पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। दिल्ली पुलिस के अनुसार, शनिवार को गिरफ्तार आरोपी की पहचान कुक केशव नेगी के रूप में हुई है, जो दिलशाद गार्डन का रहने वाला है।

## युवाओं को धर्म और आध्यात्मिकता से जोड़ने का काम कर रहे प्रेमानंद महाराज : रामभद्राचार्य

**» लखनऊ, यूटर्न/ 06 जून ।**




जगद्गुरु रामभद्राचार्य ने कहा है कि प्रसिद्ध संत प्रेमानंद महाराज निश्चित रूप से युवाओं को धर्म और आध्यात्मिकता से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे है। उन्होंने कहा कि आज कई चर्चित हस्तियां, जिसमें क्रिकेटर विराट कोहली भी शामिल हैं, प्रेमानंद महाराज के पास मार्गदर्शन लेने पहुंचे हैं, जिससे युवाओं में भी धर्म के प्रति रुचि बढ़ रही है। लखनऊ में आयोजित श्रीराम कथा के दौरान रामभद्राचार्य ने सनातन धर्म, रामराज्य और संन्यासियों की भूमिका पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि किसी भी संन्यासी का मूल धर्म साधना करना और समाज को सही दिशा देना होता है। राजनीति को मार्गदर्शन देना संतों का दायित्व हो सकता है, लेकिन सक्रिय राजनीति करना उनका कार्य नहीं है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कई लोग राजनीति की ओर आकर्षित हो रहे हैं, जबकि संन्यासियों को अपने आध्यात्मिक कर्तव्यों पर केंद्रित रहना चाहिए। हालांकि, उन्होंने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक अपवाद बताकर कहा कि वे राजर्षि की भूमिका में कार्य कर रहे हैं और जनहित में अच्छा काम कर रहे हैं।

## राजनाथ सिंह की फ्लीट रास्ता भटकी, सुरक्षा अधिकारियों ने संभाली स्थिति

### गाड़ी से उतरकर सड़क पर दौड़ने लगे गार्ड, बैरिकेडिंग हटाकर सही रास्ते पर लौटाया

**» लखनऊ, यूटर्न/ 06 जून ।**



लखनऊ में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की फ्लीट रास्ता भटक गई। राजनाथ सिंह शुक्रवार शाम करीब 6:30 बजे सीतापुर रोड पर जगद्गुरु रामभद्राचार्य की कथा सुनकर शहर के अंदर आ रहे थे। उनकी फ्लीट इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे से ओवरब्रिज पर चढ़ने के बजाय नीचे चली गई। जब फ्लीट टेढ़ी पुलिया चौराहे पर पहुंची तो वहां तैनात ट्रैफिक और पुलिसकर्मी इधर-उधर दौड़ने लगे। फ्लीट की गाड़ियों से गार्ड भी नीचे उतरे। सबने किसी तरह चौराहे का ट्रैफिक को रोककर बैरिकेडिंग खोलकर फ्लीट को इंजीनियरिंग कॉलेज की तरफ लौटाया। यह घटना फ्लीट में आगे चल रही गाड़ी की वजह से हुई।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक रक्षामंत्री के तय रूट के मुताबिक फ्लीट को मड़ियांव ओवरब्रिज से उतरने के बाद इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहा पार करना था। यहां से फ्लाईओवर पर चढ़ना था। लेकिन, फ्लीट के आगे चल रही गाड़ी के ड्राइवर की चूक के चलते पूरी फ्लीट उसी गलत रास्ते पर चली गई। रक्षामंत्री के आवागमन को देखते हुए मुंशी पुलिया की ओर जाने वाले वाहनों को पहले से ही रोक दिया गया था।

# मर्डर केस में वांछित फरार आरोपी मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार, हथियार-कारतूस बरामद

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 जून ।**

उत्तर-पूर्वी दिल्ली जिले की वेलकम थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस की टीम ने हत्या के एक मामले में वांछित चल रहे फरार आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से बाहर था। पुलिस के अनुसार, आरोपी को पकड़ने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान उसकी लोकेशन मिलने पर टीम ने घेराबंदी की। खुद को घिरा हुआ देखकर आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। इसके बाद पुलिस की ओर से जवाबी कार्रवाई की गई। जवाबी कार्रवाई और सतर्कता के साथ पुलिस ने आरोपी को काबू कर लिया। मुठभेड़



के दौरान किसी पुलिसकर्मी के घायल होने की सूचना नहीं है। गिरफ्तार आरोपी का आपराधिक रिकॉर्ड भी सामने आया है। पुलिस के अनुसार, वह पहले भी कई आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। उसके खिलाफ विभिन्न थानों में मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी हत्या के एक मामले में वांछित था और गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार ठिकाने बदल रहा था।

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक सेमी-ऑटोमैटिक पिस्टल, एक जिंदा कारतूस, तीन खाली खोखे (एम्प्टी कार्ट्रिज) तथा एक मोबाइल फोन बरामद किया है। बरामद हथियार और कारतूसों को जांच के लिए भेजा गया है। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर उसके आपराधिक नेटवर्क, हथियारों के स्रोत और अन्य मामलों में उसकी संलिप्तता की जांच कर रही है। इस मामले में आगे की जांच जारी है।

इसी तरह, एक अन्य कार्रवाई में दक्षिणी दिल्ली के पुष्प विहार में पुलिस ने मुठभेड़ के बाद तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में दो अपराधियों के पैर में गोली लगी, जिससे वे घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। ये तीनों अपराधी लाडो सराय में हाल ही में रंगदारी के लिए हुई फायरिंग के मामले में शामिल थे। घटना के बाद से सभी फरार चल रहे थे।



## विश्व पर्यावरण दिवस पर भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा बरवाला ने किया पौधारोपण

» **हरियाणा, यूटर्न/ 06 जून ।**

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा बरवाला द्वारा दौलतपुर रोड स्थित मिढ़ा फार्म हाउस में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व शाखा अध्यक्ष वीरभान मिढ़ा एवं पूर्व सचिव सूबे सिंह शेखावत ने की। इस अवसर पर शाखा सचिव कुमारी आशा चुग ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए तथा उसकी नियमित देखभाल भी करनी चाहिए। सुदेश चहल पूनिया ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। यदि हम आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण देना चाहते हैं तो हमें प्रकृति के प्रति अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करना होगा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया तथा लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया।

पर्यावरण संरक्षण परियोजना के चेयरमैन एवं पर्यावरण गतिविधि संयोजक धर्मवीर सोनी, प्रवीण सोनी और कमल सोनी ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर वीरभान मिढ़ा, सूबे सिंह शेखावत, कुमारी आशा चुग, धर्मवीर सोनी, कमल सोनी, प्रवीण सोनी, अलका सरदाना, मंजू सरदाना, सुदेश चहल पूनिया, सुदर्शन खुराना, श्याम चुग, सुभाष चुग सहित शाखा के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## पोर्टल पर अपलोड करनी होगी वृद्धाश्रम की जानकारी

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 06 जून ।** जिले में संचालित सभी निजी वृद्धाश्रमों की जानकारी अब आनलाइन उपलब्ध करानी होगी। इसके लिए समाज कल्याण विभाग ने विशेष पंजीकरण अभियान शुरू किया है। शासन के आदेशानुसार सभी निजी अनुदानित और गैर अनुदानित वृद्धाश्रमों को समाज कल्याण विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया है।

जिला समाज कल्याण अधिकारी संदीप चौधरी ने बताया कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय नई दिल्ली समय-समय पर जिलों में संचालित वृद्धाश्रमों की जानकारी मांगता है। इसी क्रम में इस बार ड्ड'ँीड्ढी.४स्त्र२ूँ.ड्ड५.ल्ल पर जो भी वृद्धाश्रम संचालित कर रहा है उसका पंजीकरण कराना होगा। इससे उन्होंने बताया कि पंजीकरण से वृद्धाश्रमों की निगरानी, पारदर्शिता और बुर्जुगों को मिलने वाली सुविधाओं को बेहतर बनाने में सहायता मिलेगी। पंजीकरण के लिए संचालक समाज कल्याण विभाग के पोर्टल पर उपलब्ध निजी वृद्धाश्रम पंजीकरण विकल्प का चयन कर आवश्यक विवरण भर सकते हैं।

## खामियां मिलने पर फिर पांच होटलों को नोटिस जारी

**साहिबाबाद, यूटर्न/ 06 जून ।** दिल्ली मालवीय नगर अग्निकांड के बाद से जिले भर में चलाएं जा रहे दमकल अभियान के दूसरे दिन विभाग ने पांच और होटलों को नोटिस जारी किए हैं। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल पाल ने बताया कि दूसरे दिन जिले के 27 होटल व रेस्तरां की जांच की गई। इनमें अग्निशमन उपकरणों की जांच हुई तब पांच होटल-रेस्तरां में खामियां पाई गईं। लोनी रोड गाजियाबाद स्थित विंटर्स होटल, बजरिया के होटल इलाइट, होटल तरुण इन, होटल राघव और होटल महादेव में आग बुझाने के पुख्ता इंतजाम नहीं मिले। सभी को नोटिस जारी जल्द से जल्द व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने के निर्देश दिए गए हैं। सीएफओ ने बताया कि अगर समय पर इंतजाम पुख्ता नहीं किए जाते हैं तब कोर्ट में वाद दायर कराने की प्रक्रिया की जाएगी।

## दिल्ली में इंडिया ब्लॉक की बैठक, पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती भी होंगी शामिल

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 जून ।**

राजधानी दिल्ली स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में 8 जून को संभावित इंडिया ब्लॉक की बैठक में पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती भी शामिल होंगी। आईएएनएस से बात करते हुए पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती ने इस बात की पुष्टि की। उन्होंने स्पष्ट किया है कि वह 8 जून को नई दिल्ली में होने वाली इंडिया ब्लॉक की महत्वपूर्ण बैठक में शामिल होंगी।

इससे पहले नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने भी आईएएनएस को बताया था कि उनकी पार्टी इस गठबंधन का हिस्सा है, इसलिए बैठक में या तो वह खुद या मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला शामिल होंगे। महबूबा मुफ्ती की भागीदारी से इंडिया ब्लॉक की इस बैठक को जम्मू-कश्मीर की राजनीति के लिहाज से खास माना जा रहा है। इंडिया ब्लॉक की इस बैठक में कांग्रेस, राजद, सपा, टीएमसी, टीवीके, समेत कई दलों के वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। हाल ही में टीएमसी



प्रमुख ममता बनर्जी ने भी इस बैठक में शामिल होने के लिए अपनी स्वीकृति दी। वह टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी के साथ बैठक में शामिल होंगी।

दूसरी ओर, पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती ने एम्स अवंतीपोरा का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि कश्मीर में स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा रही हैं, इसीलिए इस एम्स का शुरू होना बेहद जरूरी है। उन्होंने इस संबंध में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से भी बात की है। इसकी जानकारी देते हुए महबूबा मुफ्ती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया।

## दिल्ली के पुष्प विहार में पुलिस ने मुठभेड़ के बाद तीन अपराधियों को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 जून ।** दक्षिणी दिल्ली के पुष्प विहार में पुलिस ने मुठभेड़ के बाद तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में दो अपराधियों के पैर में गोली लगी, जिससे वे घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। दिल्ली पुलिस की दक्षिण जिला स्पेशल स्टाफ और एएटीएस की टीमों ने संयुक्त कार्रवाई में तीन अपराधियों को पकड़ने में सफलता हासिल की। तीनों अपराधी लाडो सराय में हाल ही में रंगदारी के लिए हुई फायरिंग के मामले में शामिल थे। घटना के बाद से वे फरार चल रहे थे।

अधिकारियों ने बताया कि पुलिस को अपराधियों को लेकर सूचना मिली थी। इसके बाद स्पेशल स्टाफ इंस्पेक्टर अनुज कुमार के नेतृत्व में संयुक्त टीमों ने जाल बिछाया। इस दौरान, वांटेड अपराधियों ने पुलिस पर गोली चलाई, जिसके जवाब में पुलिस ने भी कार्रवाई की।

पुलिस के अनुसार, बदमाशों ने टीम पर करीब 6 राउंड फायरिंग की। इस दौरान, हेड कांस्टेबल संदीप और अरविंद की बुलेट प्रूफ जैकेट पर जाकर गोलियां लगीं। हालांकि, उन्हें कोई नुकसान नहीं पहुंचा।

## नोएडा पुलिस ने सार्वजनिक जगहों पर शराब पीने वालों के खिलाफ की सख्ती, 125 लोगों पर कार्रवाई



**नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 जून ।** गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट ने सार्वजनिक जगहों पर शराब और अन्य नशीले पदार्थों के सेवन के खिलाफ एक बड़ा अभियान शुरू किया है। इसके तहत, यूपी के इस जिले के अलग-अलग इलाकों में की गई विशेष कार्रवाई में 125 लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई है। यह कार्रवाई सेक्टर-63 और इकोटेक-3 पुलिस स्टेशनों की टीमों ने मिलकर की। इसका मकसद सार्वजनिक जगहों पर नशीले पदार्थों के इस्तेमाल को रोकना, कानून-व्यवस्था बनाए रखना और निवासियों व आने-जाने वालों के लिए सुरक्षित माहौल सुनिश्चित करना था। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह ऑपरेशन कई सार्वजनिक जगहों पर चलाया गया, जिनमें बाजार, सड़कें, पार्क और भीड़-भाड़ वाले अन्य इलाके शामिल थे। यहां लोग कानून का उल्लंघन करते हुए शराब और नशीले पदार्थों का सेवन करते पाए गए।

## महाराजा अग्रसेन सीनियर पब्लिक स्कूल दबखेड़ी में चल रहे क्षमता निर्माण कार्यक्रम का हुआ समापन




**जीवन कौशलों के महत्व, प्रभावी संचार, निर्णय लेने की क्षमता, समस्या समाधान, भावनात्मक संतुलन व सकारात्मक सोच बारे दी जानकारी**

» **अश्विनी वालिया**

कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 06 जून । महाराजा अग्रसेन सीनियर पब्लिक स्कूल, दबखेड़ी में सीबीपी (क्षमता निर्माण कार्यक्रम) के अंतर्गत लाइफ स्किल्स एडवांस विषय पर एक प्रभावशाली प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को जीवन कौशल आधारित शिक्षण पद्धतियों से अवगत कराना तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु नवीन तकनीकों की जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन मंजूषा एवं ममता जैन ने अपने अनुभव एवं विशेषज्ञता के माध्यम से प्रतिभागियों को जीवन कौशलों के महत्व, प्रभावी संचार, निर्णय लेने की क्षमता, समस्या समाधान, भावनात्मक संतुलन तथा सकारात्मक सोच जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। विद्यालय की प्रियंका सिंगला ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि जीवन कौशल आधारित शिक्षा विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए सक्षम बनाती है।

उन्होंने सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान को अपने शिक्षण कार्य में प्रभावी रूप से लागू करने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान विभिन्न गतिविधियों, समूह चर्चाओं एवं व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से शिक्षकों को सक्रिय रूप से सहभागिता करने का अवसर मिला। सभी प्रतिभागियों ने कार्यक्रम को अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बताया। विद्यालय प्रशासन ने रिसोर्स पर्सन्स मंजूषा एवं ममता जैन का आभार व्यक्त किया तथा कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी प्रतिभागियों को बधाई दी।

# बूथ सशक्त होगा तो भारत विश्वगुरु बनने की दिशा में और अधिक मजबूत होगा : डॉ. कमल गुप्ता

» राजेश सलूजा



हरियाणा, यूटर्न/ 06 जून । भारतीय जनता पार्टी हिसार विधानसभा क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण बैठक गत दिवस भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित की गई, जिसमें शहरी मंडल, अर्बन मंडल तथा सब्जी मंडी मंडल के प्रमुख कार्यकर्ताओंने भाग लिया। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में हरियाणा के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कार्यकर्ताओंका मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं मंच संचालन बीएलए-1 रामचंद्र गुप्ता ने किया। बैठक का आयोजन 'मोदी सरकार के 12 वर्ष बेमिसाल' अभियान एवं चुनाव प्रबंधन विषय को लेकर किया गया।इस अवसर पर महापौर प्रवीण पोपली भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

अपने संबोधन में डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अन्य राजनीतिक दलों से भिन्न एक विशिष्ट विचारधारा एवं मजबूत संगठनात्मक संरचना वाली पार्टी है। भाजपा में बूथ अध्यक्ष से लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष तक लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत चयनित होते हैं तथा एक साधारण कार्यकर्ता भी अपनी मेहनत, कर्मठता और योग्यता के बल पर संगठन के सर्वोच्च पदों तक पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि बूथ पार्टी की सबसे छोटी लेकिन सबसे महत्वपूर्ण इकाई है बूथ अध्यक्ष उस इकाई का नेतृत्वकर्ता होता है। प्रत्येक बूथ पर लगभग 250 परिवार होते हैं, जिनसे नियमित संपर्क बनाए रखना संगठन की मजबूती का आधार है। उन्होंने कार्यकर्ताओंसे आ'ान किया कि वे प्रत्येक परिवार से नियमित संवाद स्थापित करें तथा उनके सुख-दुख में सहभागी बनें। डॉ. गुप्ता ने कहा कि संगठन विस्तार का सबसे प्रभावी माध्यम सतत प्रवास और पारिवारिक संपर्क है। उन्होंने बताया कि मतदाता सत्यापन अभियान के तहत 15 जून से 14 जुलाई तक फॉर्म नंबर-6 भरने का कार्य किया जाएगा। इसके लिए पुराने मतदाता रिकॉर्ड तथा आवश्यक दस्तावेज तैयार रखने चाहिए ताकि मतदाता सूची की शुद्धता सुनिश्चित की जा सके।

डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि जब प्रत्येक बूथ अध्यक्ष अपने क्षेत्र के सभी परिवारों से आत्मीय संबंध स्थापित करेगा, तब संगठन और राष्ट्र दोनों सशक्त होंगे तथा भारत विश्वगुरु बनने के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर होगा।

# पंजाब सरकार ने आठ ग्रासरूट इनोवेटर्स को किया सम्मानित



» हरियाणा, यूटर्न/ 06 जून ।

पंजाब सरकार ने ह्यग्रासरूट इनोवेटर्स ऑफ पंजाब कार्यक्रम के तहत राज्य भर से चयनित आठ नवाचारकताओं को सम्मानित किया। यह कार्यक्रम पंजाब स्टेट काउंसिल फॉर साइंस एंड टेक्नोलॉजी (PSCST) द्वारा संचालित किया जा रहा है।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पुष्पा गुजराल साइंस सिटी, कपूरथला में आयोजित समारोह में राज्यसभा सांसद संत बलबीर सिंह सीचेवाल तथा विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण विभाग के सचिव श्री कमल किशोर यादव, आईएएस द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए।

मानसा के नवाचारकर्ता श्री कुलजीत सिंह को लहसुन की बुवाई, निराई, कटाई और ग्रेडिंग के लिए विकसित पांच मशीनों के एकीकृत सिस्टम के लिए 1 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। वहीं, दूसरा और तीसरा पुरस्कार क्रमशः बरनाला के श्री अमरिंदर सिंह को ट्रैक्टर माउंटेड साइड ड्रिलर तथा मलेरकोटला के श्री पवनीत सिंह को हाइड्रोलिक ड्यूल वीडर विकसित करने के लिए दिया गया।

मानसा के नवाचारकर्ता श्री कुलजीत सिंह को लहसुन की बुवाई, निराई, कटाई और ग्रेडिंग के लिए विकसित पांच मशीनों के एकीकृत सिस्टम के लिए 1 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया।

अन्य सम्मानित नवाचारकताओं में फिरोजपुर के श्री आकाशदीप सिंह और सुल्तानपुर लोधी के श्री तलविंदर सिंह शामिल हैं। स्कूली छात्र नवाचारकताओं में जपनीत कौर (शैंरी), पल्लव पांडोवे (स्मार्ट गार्ड डायपर) और भाव्या मल्होत्रा (स्मार्ट फॉग अलर्ट हेलमेट) को भी सम्मानित किया गया।

संत सीचेवाल ने नवाचारकताओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम जमीनी स्तर पर नवाचार को बढ़ावा देता है और समावेशी विकास को प्रोत्साहित करता है। समारोह में विशेष सचिव श्रीमती शैलेंद्र कौर, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री प्रीतपाल सिंह तथा डॉ. दपिंदर कौर बक्शी भी उपस्थित रहे।

यह पुरस्कार GRIP 4.0 संस्करण के अंतर्गत प्रदान किए गए, जिनके लिए 500 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे।

# 12 वर्ष से लापता माँ अपने बच्चों से मिलीं

## 'नी आसरे दा आसरा' की मदद से करवाया भावुक पुर्नमिलन

» यमुनानगर, यूटर्न/ 06 जून ।





मानव सेवा के क्षेत्र में समर्पित संस्था 'नी आसरे दा आसरा' (मगरपुर, जिला यमुनानगर) ने एक बार फिर बिछड़े परिवार को मिलाकर मानवता की मिसाल पेश की है। लगभग वर्ष 2014 से अपने परिवार से बिछड़ी एक महिला को संस्था ने पूरे 12 वर्ष बाद उसके बेटों से मिलाया। संस्था के रिकॉर्ड के अनुसार, स्थानीय ग्रामीणों की सूचना पर साहा पुलिस थाना द्वारा महिला को गांव सबगा से 4 मई 2026 को आश्रम लाया गया था। उस समय वह अपनी पहचान और पता स्पष्ट रूप से बताने की स्थिति में नहीं थीं। करीब एक माह तक आश्रम में उनकी देखभाल, भोजन, चिकित्सा एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं, और संस्था की टीम लगातार उनके परिवार की खोज में जुटी रही। आधुनिक तकनीक की सहायता से अंततः परिजनों तक पहुँचने में सफलता मिली। परिजनों के अनुसार, महिला वर्ष 2014 में पति से हुई कहासुनी के बाद घर से निकल गई थीं। पीछे तीन छोटे बच्चे छूट गए। परिवार ने वर्षों तक उन्हें ढूँढा, परंतु कोई सुराग न मिलने पर यह मान लिया गया कि शायद उनकी कहीं मृत्यु हो चुकी है। दुखी मन से परिवार ने उन्हें मृत मानकर सारी रस्में भी निभा दीं।

ऐसे में जब आश्रम से परिवार के पास फोन पहुँचा कि उनकी माँ जीवित

परिजनों के अनुसार, महिला वर्ष 2014 में पति से हुई कहासुनी के बाद घर से निकल गई थीं। पीछे तीन छोटे बच्चे छूट गए। परिवार ने वर्षों तक उन्हें ढूँढा, परंतु कोई सुराग न मिलने पर यह मान लिया गया कि शायद उनकी कहीं मृत्यु हो चुकी है।

एवं सुरक्षित हैं, तो बच्चों की खुशी का ठिकाना न रहा। दिनांक 3 जून 2026 को महिला के बेटे सोनू कुमार सिंह, रोहित कुमार एवं कपिल कुमार (निवासी शहजादपुर, जिला बिजनौर, उत्तर प्रदेश) आश्रम पहुँचे और आवश्यक पहचान एवं सत्यापन प्रक्रिया पूरी करने के बाद अपनी माँ को सम्मानपूर्वक घर ले गए। बरसों बाद माँ को सामने पाकर भावुक हुए बच्चों ने 'नी आसरे दा आसरा' की पूरी टीम का हृदय से आभार व्यक्त किया। संस्था के प्रतिनिधियों ने बताया कि 'नी आसरे दा आसरा' वर्तमान में 250 से अधिक निराश्रित, मानसिक रूप से अस्वस्थ, बेसहारा एवं जरूरतमंद लोगों की सेवा कर रहा है। संस्था का उद्देश्य केवल आश्रय देना ही नहीं, बल्कि बिछड़े लोगों को उनके परिवारों से पुनः मिलाना और उन्हें सम्मानजनक जीवन प्रदान करना भी है। यह भावुक पुनर्मिलन इस बात का प्रमाण है कि समर्पित सेवा भावना और आधुनिक तकनीक के सहयोग से वर्षों पुरानी दूरियाँ भी मिटाई जा सकती हैं।

# योग प्रोटोकॉल के माध्यम से नशा मुक्त योग युक्त हरियाणा का संदेश पहुंचाया जा रहा है घर-घर तक : डा. मंजू शर्मा

### जिला कारागार सहित व्यायामशालाओं, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों एवं योग केंद्रों पर हुआ व्यापक योग अभ्यास

» परमिंदर सिंह



कुरुक्षेत्र, यूटर्न/ 06 जून । जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. मंजू शर्मा ने कहा कि 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन हेतु जिलेभर में व्यापक स्तर पर तैयारियां चल रही हैं। योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ, संतुलित एवं अनुशासित जीवन जीने की एक वैज्ञानिक जीवन शैली है। योग प्रोटोकॉल के माध्यम से नशा मुक्त योग युक्त हरियाणा का संदेश घर-घर तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे नियमित योगाभ्यास को अपनाकर स्वयं को स्वस्थ रखें तथा समाज में सकारात्मक ऊर्जा और नशा मुक्त जीवन का संदेश फैलाने में सहयोग करें। महानिदेशक आयुष हरियाणा, जिला प्रशासन कुरुक्षेत्र के निदेर्शानुसार तथा हरियाणा योग आयोग के तालमेल से जिला आयुर्वेदिक अधिकारी कुरुक्षेत्र डॉ. मंजू शर्मा के दिशा-निर्देशन में 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2026 के उपलक्ष्य में जिलेभर में विभिन्न स्थानों पर योग प्रोटोकॉल अभ्यास कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इसी कड़ी में आज जिला कारागार कुरुक्षेत्र में योग प्रोटोकॉल का विशेष अभ्यास सत्र आयोजित किया गया, जिसमें 220 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जेल अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह उपस्थित रहे। इस अवसर पर आयुष योग सहायकों वीरेंद्र कुमार, कर्मवीर सिंह, भीम सिंह एवं काजल वर्मा द्वारा योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया गया। कारागार प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता निभाई। इसके अतिरिक्त जिले की विभिन्न व्यायामशालाओं, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, भारतीय योग संस्थान एवं पतंजलि योग संस्थान के योग केंद्रों पर भी नियमित रूप से योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया जा रहा है। आयुष विभाग द्वारा गांवों, व्यायामशालाओं एवं अन्य चिन्हित सार्वजनिक स्थलों पर योग जागरूकता गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। आज जिले की विभिन्न व्यायामशालाओं में 435 साधकों को आयुष योग सहायकों के माध्यम से योग प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया गया।

# मां पर चाकू से हमला करने के बाद युवक ने 5वीं मंजिल से लगाई छलांग, मौत

**ग्रेटर नोएडा, यूटर्न/ 06 जून ।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित राधा स्काई गार्डन सोसायटी में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां एक 21 वर्षीय युवक ने अपनी मां पर चाकू से हमला करने के बाद पांचवीं मंजिल से छलांग लगा दी। गंभीर रूप से घायल युवक को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

घटना के बाद सोसायटी में हड़कंप मच गया और मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान सागर यादव (21 वर्ष) के रूप में हुई है। वह अपने माता-पिता और छोटे भाई के साथ थाना बिसरख क्षेत्र स्थित राधा स्काई गार्डन सोसायटी के टावर-1 के फ्लैट नंबर 1804 में रहता था। मूल रूप से सागर यादव बिसरख थाना क्षेत्र के ग्राम पतवाड़ी का निवासी था। बताया गया है कि 5 जून 2026 को पुलिस को सूचना मिली कि सोसायटी की पांचवीं मंजिल से एक युवक नीचे गिर गया है। सूचना मिलते ही थाना बिसरख पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में परिजनों ने पुलिस को बताया कि सागर मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं था और उसका इलाज भी चल रहा था। पुलिस के अनुसार घटना से पहले किसी बात को लेकर सागर और उसकी मां के बीच कहासुनी हो गई थी। विवाद बढ़ने पर उसने कथित रूप से अपनी मां पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे उन्हें मामूली चोटें आईं। इसके बाद सागर अपने फ्लैट से नीचे आया और पांचवीं मंजिल से छलांग लगा दी।

घटना के तुरंत बाद परिजन और सोसायटी के लोग घायल युवक को अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल मां का उपचार कराया गया और उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। थाना बिसरख पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## फटाफट खबरें

### साथियों के साथ तेहरे भाई ने किया जानलेवा हमला

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 06 जून ।** कविनगर क्षेत्र के लोहा मंडी में एक युवक को बुलाकर उसके तेहरे भाई ने अपने साथियों के साथ मिलकर उस पर जानलेवा हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी जांघ की हड्डी व कई पसलियां टूट गईं। घटना एक जून की है। मामले में घायल के पिता रामब्रेश यादव की शिकायत पर कविनगर थाने में चार जून को विजय, आशुतोष और सियाराम के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य ने बताया कि बादलपुर निवासी रामब्रेश यादव के मुताबिक उनका बेटा देवेंद्र यादव ट्रांसपोर्ट लोहा मंडी में गाड़ी चलाता था। करीब दो महीने पहले वह वहां से काम छोड़ चुका है। रामब्रेश का कहना है कि उनके बड़े भाई का बेटा विजय भी उसी ट्रांसपोर्ट पर गाड़ी चलाता है।

### घर बैठे काम का झांसा देकर 9.65 लाख ठगे

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 06 जून ।** साइबर ठगों ने शालीमार गार्डन क्षेत्र में रहने वाले सुभाष चंद शर्मा को ऑनलाइन रिव्यू व रेटिंग के टास्क पूरे करने पर अच्छी कमाई का झांसा देकर 9.65 लाख रुपये की ठगी कर ली। ठगों ने शुरूआत में टास्क पूरे करने पर कुछ रकम देकर भरोसा जीता। इसके बाद क्रिप्टो के टास्क के नाम पर रकम निवेश कराकर ठगी की। बाद में रकम वापस नहीं मिलने पर ठगी का अहसास हुआ तो मामले में पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में केस दर्ज कराया है। एडीसीपी अपराध पीयूष कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित सुभाष चंद शर्मा के मुताबिक 22 मार्च को उनके पास सुभी रानी की टेलीग्राम आईडी से मैसेज आया। इसमें पार्ट टाइम व वर्क फ्रॉम होम का ऑनलाइन वर्क की बात थी।

### छात्रा से दुष्कर्म का प्रयास, मामला दर्ज

**खोड़ा, यूटर्न/ 06 जून ।** थानाक्षेत्र निवासी 11वीं की एक छात्रा से उन्हीं के घर में घुसकर दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है। छात्रा की मां के घर से जाने के बाद आरोपी अलीगढ़ निवासी अजय चौधरी ने दुष्कर्म का प्रयास किया। छात्रा के शोर मचने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। वारदात 31 मई की है, पुलिस ने चार जून की रात प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की है। दर्ज मामले में पीड़ित छात्रा ने बताया कि वह मां के साथ किराये के मकान में रहती हैं। आरोपी अजय चौधरी का करीब चार-पांच वर्ष से उनके घर आना जाना था। आरोपी पहले भी कई बार फब्तियां कस चुका और जब यह बात उसने अपनी मां को बताई तो आरोपी और उनके परिवार के संबंध बिगड़ गए थे।

# घर के पास सैलून संचालक की हत्या पड़ोसियों पर लगा आरोप

**परिजनों ने यूईआर-2 पर शव रखकर किया हंगामा**

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 जून ।**

नरेला औद्योगिक क्षेत्र के होलंबी खुर्द गांव में बृहस्पतिवार रात घर लौट रहे सैलून संचालक की लाठी-डंडे से पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक की शिनाख्त 36 साल के विकास के रूप में हुई है। घर के कुछ दूरी पर ही तीन से चार हमलावरों ने उसपर हमला किया। खून से लथपथ विकास घर के पास आकर गिर गया। परिवार वालों ने उसे पास के अस्पताल में लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। विकास अपने परिवार के साथ होलंबी खुर्द गांव में रहता है। परिवार में पिता, भाई, पत्नी और दो बच्चे हैं। उसके पिता रमेश चंद ने बताया कि विकास इलाके में सैलून चलाता है।

वह रात में काम खत्म करने के बाद साढ़े दस और 11 बजे घर आता था। उसके भाई नितिन ने बताया कि बृहस्पतिवार रात करीब 11 बजे वह घर लौट रहा था। घर से सौ मीटर दूर तीन चार हमलावरों ने उसे पकड़ लिया और उसपर लाठी डंडे से हमला कर दिया। खून से लथपथ हालत में वह घर के पास आकर गिर गया। शोर सुनकर स्थानीय




लोग वहां पहुंचे। परिवार वालों ने पुलिस को घटना की जानकारी देकर उसे अस्पताल लेकर गई। बाहरी उत्तरी जिला पुलिस उपायुक्त हरेश्वर वी स्वामी ने बताया कि अस्पताल पहुंची पुलिस को पता चला कि डॉक्टरों ने विकास को मृत घोषित कर दिया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर हत्या का मामला दर्ज कर लिया। परिवार वालों ने गांव के ही बबलू, देव करण सहित कुछ लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस नामजद लोगों की धर पकड़ के लिए दबिश दे रही है।

**यूईआर-2 पर शव रखकर किया हंगामा :** पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने परिवार वालों को शव सौंप दिया। उसके बाद परिवार वाले होलंबी खुर्द के पास यूईआर-2 पर पहुंच गए। वहां बीच सड़क पर शव रखकर उनलोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। परिवार वाले विकास की हत्या करने वाले आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग करने लगे। बीच सड़क पर लोगों के जमा होने से वहां वाहनों की लंबी कतार लग गई। इसकी जानकारी मिलते ही जिले के आला पुलिस अधिकारी पहुंच गए। पुलिस ने परिवार वालों को आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया। उसके बाद सभी शव को लेकर वहां से गए और अंतिम संस्कार किया।

**कहासुनी के बाद युवक को मारा चाकू, गई जान :** शालीमार बाग इलाके में बृहस्पतिवार रात शराब की दुकान पर मामूली कहासुनी के बाद एक युवक के सीने में चाकू मारकर उसकी हत्या कर दी गई। शिनाख्त 28 साल के सुमित कुमार झा के रूप में हुई है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है।

**सुमित मूलत:** बिहार के मधुबनी जिले का रहने वाला था। वह परिवार के साथ शालीमार गांव में रहता था। उसके भाई दीपक ने बताया कि बृहस्पतिवार रात सुमित का कुछ लड़कों से किसी बात पर कहासुनी हो गई थी। लड़के वहां से चले गए और कुछ देर बाद फिर वापस आए। लड़के फिर से सुमित से झगड़ा करने लगे और एक ने उसके सीने में चाकू से हमला कर दिया।

### दिल्ली को मिले 18 नमो ऑक्सीजन पार्क, 185 एकड़ क्षेत्र हरित जोन के रूप में किया जाएगा विकसित

**नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 जून ।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को दिल्ली में 18 नमो ऑक्सीजन पार्कों का डिजिटल लोकार्पण किया गया। इन पार्कों के माध्यम से राजधानी में 185.42 एकड़ क्षेत्र को हरित जोन के रूप में विकसित किया जाएगा। दिल्ली सरकार ने भविष्य में पूरे शहर में ऐसे 100 ऑक्सीजन पार्क विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। मैदानगढ़ी में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव, केंद्रीय मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पौधरोपण कर अभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर दिल्ली के पर्यावरण एवं वन मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, दक्षिणी दिल्ली के सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, छतरपुर के विधायक करतार सिंह तंवर समेत कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।



मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि नमो ऑक्सीजन पार्कों को सामान्य पार्कों से अलग स्वरूप दिया जा रहा है। इनमें पीपल, बरगद, जामुन और आम जैसी देशी एवं पर्यावरणीय दृष्टि से उपयोगी प्रजातियों के पौधे लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये वृक्ष अधिक ऑक्सीजन उपलब्ध कराने के साथ पक्षियों और अन्य जीवों के लिए भी अनुकूल प्राकृतिक आवास तैयार करेंगे। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार राजधानी में 100 ऑक्सीजन पार्क विकसित करने की दिशा में कार्य कर रही है।

## फर्जी पासपोर्ट बनवाने के मामले में जेल जा चुका है लवकेश बजाज

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 जून**

मालवीय नगर स्थित होटल फ्लोरिश स्टे बीएंडबी में हुए भीषण अग्निकांड की जांच के बीच होटल मालिक लवकेश बजाज से जुड़ा एक पुराना आपराधिक मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार, लवकेश बजाज इसी वर्ष जनवरी में दो बांग्लादेशी महिलाओं को भारतीय दस्तावेज दिलाने के मामले में जेल जा चुका है। फिलहाल वह अग्निकांड मामले में चार दिन की पुलिस रिमांड पर है।

वहीं होटल के प्रबंधक जय मिश्रा और अन्य कर्मचारियों की तलाश तेज कर दी गई है। मध्य जिला पुलिस के अनुसार, जनवरी 2025 में पहाड़गंज थाना क्षेत्र में कार्रवाई के दौरान दो बांग्लादेशी महिलाओं और एक नाबालिग को अवैध रूप से भारत में रहने के आरोप में पकड़ा गया था। जांच में पता चला कि महिलाएं भारतीय



**जांच में पता चला कि महिलाएं भारतीय पासपोर्ट और आधार कार्ड जैसे दस्तावेजों का इस्तेमाल कर रही थीं, जिन्हें धोखाधड़ी से हासिल किया गया था।**

पासपोर्ट और आधार कार्ड जैसे दस्तावेजों का इस्तेमाल कर रही थीं, जिन्हें धोखाधड़ी से हासिल किया गया था।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी स्वीटी सरकार ने भारतीय पासपोर्ट बनवाने के लिए छतरपुर एन्क्लेव स्थित एक मकान का पता दिया था। सत्यापन के दौरान यह पता साकेत निवासी लवकेश बजाज का निकला।

# कॉकरोच पार्टी का प्रदर्शन शुरू

## ग्रेनो में समाजवादी छात्र सभा के अध्यक्ष हाउस अरेस्ट

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 जून ।**

ग्रेटर नोएडा से समाजवादी छात्र सभा के अध्यक्ष मोहित नगर कॉकरोच जनता पार्टी के समर्थन में दिल्ली के जंतर मंतर पर प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे थे। उससे पहले ही उन्हें पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया। मोहित नागर ने बताया कि ये तानाशाह सरकार छात्रों की आवाज को दबाना चाहती है। कमजोर सरकार को शिक्षा मंत्री के कारण लगातार हो रहे पेपर लीक से छात्रों के हो रहे भविष्य खराब को लेकर दिल्ली जंतर मंतर कूच से पहले पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया। आगे कहा कि धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा लेकर ही मानेंगे।

**मैं भी कॉकरोच, जंतर-मंतर पर प्रदर्शन**



### कॉकरोच पार्टी प्रदर्शन का प्रदर्शन शुरू

दिल्ली के जंतर-मंतर पर कॉकरोच पार्टी द्वारा प्रदर्शन किया जा रहा है। ग्रेटर नोएडा से समाजवादी छात्र सभा के अध्यक्ष मोहित नगर कॉकरोच जनता पार्टी के समर्थन में दिल्ली के जंतर मंतर पर प्रदर्शन में शामिल होने जा रहे थे। उससे पहले ही उन्हें पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया।

दिल्ली पुलिस ने चेतावनी जारी की है। 'आप लोगों को सूचित किया जाता है कि मार्ग पर यातायात व्यवस्था सुचारु संचालन हेतु एवं 163 बीएनएस के निदेशानुसार किसी प्रकार का धरना या प्रदर्शन करना व मार्ग अवरुद्ध करना कानून दंडनीय है।' अभिजीत दीपके ने कहा कि सुबह 10 बजे प्रदर्शन शुरू होगा।

चप्पे चप्पे पर पुलिस की तैनाती है। गाड़ियों की तलाशी ली जा रही है। जंतर मंतर के आस पास कहीं भी वाहन पार्क नहीं करने दिया जा रहा है। मौके पर ट्रैफिक पुलिस की भी तैनाती की गई है। ताकि यातायात बाधित न हो। एनडीएमसी इलाका छावनी में तब्दील हो गया है। ट्रैफिक पुलिस बाइक से गश्त कर रही है।

**शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग, चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा**

इस नारे के बैनर टेल प्रदर्शनकारी प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे हैं। जिसमें लिखा कि कॉक्रोच आ रहे हैं', 'धर्मेंद्र प्रधान जा रहे हैं'। वहीं दूसरी तरफ बदरपुर, आश्रम, न्यूज फ्रेंड्स कॉलोनी से लेकर राजधानी की हर वो सड़कें जो जंतर मंतर से जुड़ती हैं, पुलिस की तैनाती और पुलिस बैरिकेड की व्यवस्था की गई है।

# दिल्ली की बसों में तैनात होंगी हथियारबंद महिला पुलिसकर्मी, आधी आबादी को अब घर तक मिलेगी सुरक्षा

» **नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 जून ।**

दिल्ली की सार्वजनिक बसों में अब महिलाएं पूरी तरह बेखौफ होकर सफर कर सकेंगी। सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए डीटीसी की बसों के भीतर हथियारबंद महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती होगी। साथ ही, महिलाओं की सुरक्षा अब केवल बस स्टॉप तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि उन्हें उनके घर की दहलीज तक सुरक्षित पहुंचाने के लिए एक विशेष डोर-स्टेप सुरक्षा मॉडल तैयार किया है। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि बस से उतरने के बाद उनका आखिरी मंजिल तक का सफर भी सुरक्षित रहे।

उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने राजधानी में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर दिल्ली परिवहन विभाग के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने स्पष्ट कहा कि महिला यात्रियों की सुरक्षा सिर्फ बस या सार्वजनिक परिवहन के अंदर ही नहीं, बल्कि बस स्टॉप, मेट्रो स्टेशन या डिपो से




उनके घर तक सुनिश्चित की जानी चाहिए। बसों में महिला कमांडो (हथियारबंद पुलिस) की मौजूदगी इसमें अहम है। इसके लिए परिवहन विभाग जल्द ही दिल्ली पुलिस के साथ तालमेल कर तैनाती की प्रक्रिया शुरू करेगा।

वर्तमान में मौजूद सीसीटीवी कैमरों, पैनिक बटन और

### घर की दहलीज तक सुरक्षित पहुंचाने की योजना

अक्सर देखा जाता है कि बस से उतरने के बाद घर तक जाने वाले रास्ते में महिलाएं असुरक्षित महसूस करती हैं। इस समस्या को हल करने के लिए लास्ट-माइल कनेक्टिविटी पर जोर दिया है। इसके तहत ऑटो, ई-रिक्शा और कैब एग्रीगेटर्स को एक साझा सुरक्षा नेटवर्क पर लाया जाएगा। विशेष रूप से दूर-दराज के इलाकों, रिमोट एरिया और बाहरी मोहल्लों के लिए इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) का जाल बिछाया जाएगा, ताकि महिलाओं को भरोसेमंद स्थानीय परिवहन मिल सके।

बस मार्शलों की व्यवस्था को इस नई व्यवस्था के साथ एकीकृत किया जाएगा, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्रवाई हो सके।

### सहेली पिंक कार्ड और वुमन-ओनली कारपूलिंग

महिलाओं की यात्रा को आसान बनाने के लिए सहेली पिंक स्मार्ट कार्ड की सुविधा अब केवल बसों तक सीमित नहीं रहेगी। इस कार्ड को मेट्रो, ऑटो और अन्य परिवहन माध्यमों में भी इस्तेमाल के योग्य बनाया जाएगा, जिससे महिलाओं को सीमलेस यानी निर्बाध यात्रा का अनुभव मिलेगा। इसके अलावा, एलजी ने निजी टैक्सी एग्रीगेटर्स जैसे ऊबर, ओला और रैपिडो के साथ मिलकर वुमन-ओनली कारपूलिंग शुरू करने का प्रस्ताव दिया है। इसका फायदा ये होगा कि यदि कैब का ड्राइवर पुरुष है, तो भी महिला यात्री को अकेले सफर नहीं करना पड़ेगा, उसके साथ कम से कम एक अन्य महिला यात्री का होना अनिवार्य किया जा सकता है।

यूटर्न टाइम
THE GOOD, BAD & UGLY OF INDIA

# आयुष्मान भारत वय वंदना योजना के तहत 1.20 करोड़ से अधिक वरिष्ठ नागरिक जुड़े, 13.84 लाख से ज्यादा इलाज हुए


» नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 जून।

सरकार ने शनिवार को बताया कि आयुष्मान भारत वय वंदना योजना के तहत अब तक 1.20 करोड़ से अधिक वरिष्ठ नागरिकों का पंजीकरण किया जा चुका है। इस योजना के अंतर्गत 13.84 लाख से ज्यादा उपचार किए गए हैं, जिनकी कुल लागत लगभग 3,000 करोड़ रुपए रही है।

सरकार के अनुसार, मिशन इंद्रधनुष अभियान के तहत उन 5.46 करोड़ बच्चों और 1.32 करोड़ गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया, जिन्हें पहले कोई टीका नहीं लगा था।

एक अधिकारिक बयान में कहा गया कि वर्ष 2023 में बिना कोई टीका प्राप्त करने वाले बच्चों (जीरो-डोज बच्चों) की हिस्सेदारी कुल आबादी का 0.11 प्रतिशत थी, जो वर्ष 2024 में घटकर 0.06 प्रतिशत रह गई।

सरकार सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (यूआईपी) चला रही है, जिसके तहत हर साल 2.67 करोड़ नवजात शिशुओं और 2.9 करोड़ गर्भवती महिलाओं को 12 बीमारियों से बचाव के लिए मुफ्त टीके उपलब्ध कराए जाते हैं।



पिछले 12 वर्षों में स्वास्थ्य क्षेत्र में हुई प्रगति का उल्लेख करते हुए सरकार ने कहा कि 44 करोड़ से अधिक परिवारों को विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिला है और 1.86 लाख से ज्यादा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित किए जा चुके हैं। सरकार ने बताया कि 18,000 से अधिक जन औषधि केंद्रों के माध्यम से जेनेरिक दवाएं बाजार कीमतों की तुलना में 50 से 90 प्रतिशत तक कम कीमत पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। बयान के अनुसार, देश में अब तक 47 करोड़ से अधिक टेलीमेडिसिन परामर्श सेवाएं दी जा चुकी हैं। वहीं, मेडिकल कॉलेजों की संख्या दोगुनी से अधिक हो गई है और वर्ष 2014 के बाद 12 नए एम्स संस्थान कार्यरत हो चुके हैं।

सरकार ने यह भी कहा कि पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को औपचारिक रूप से सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली का हिस्सा बनाया गया है।

सरकार के मुताबिक, बढ़ती स्वास्थ्य सेवाओं की मांग को पूरा करने के लिए डॉक्टरों और नर्सों के प्रशिक्षण की क्षमता को दोगुना से अधिक बढ़ाया गया है।

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी पीएम-जेएवाई) के तहत सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को प्रति वर्ष प्रति परिवार 5 लाख रुपए तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया जाता है। ऐसे परिवार देश की कुल आबादी का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा हैं, जो करीब 12 करोड़ परिवारों के बराबर हैं। यह योजना इन परिवारों को इलाज पर होने वाले भारी खर्च से बचाने में मदद करती है। सरकार के अनुसार, इस योजना के तहत अब तक 44.14 करोड़ आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। इसके अलावा, 12.03 करोड़ अस्पताल में भर्ती होने के मामलों को कवर किया गया है और लगभग 1,80,435 करोड़ रुपए मूल्य का इलाज उपलब्ध कराया गया है। इस योजना के तहत 36,218 अस्पतालों को सूचीबद्ध किया गया है, जिनमें 19,659 सरकारी और 16,559 निजी अस्पताल शामिल हैं।

# 100 अरब डॉलर के पार जा सकता है सकल एफडीआईः आरबीआई

## जीडीपी के मुकाबले ऊपर की ओर बढ़ रहा है निवेश का अनुपात

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 जून।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की डिप्टी गवर्नर पूनम गुप्ता ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद चालू वित्त वर्ष 2027 में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) 100 अरब डॉलर से ज्यादा आने की उम्मीद है। इसके लिए उन्होंने मजबूत निवेश गतिविधियों को हवाला दिया। मौद्रिक नीति के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में गुप्ता ने कहा कि वित्त वर्ष 2026 में कुल एफडीआई 95 अरब डॉलर तक पहुंच गया था। इससे पता चलता है कि विदेशी पूंजी का आना मजबूत बना रहेगा और इस साल यह 100 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर सकती है। निजी पूंजी के आंकड़े असल में बहुत अच्छे रहे हैं।




जीडीपी के मुकाबले निवेश का अनुपात ऊपर की ओर बढ़ रहा है। इसलिए ये आंकड़े अच्छे बने हुए हैं। अगर हम भुगतान संतुलन की बात करें, तो 2025-26 में सकल एफडीआई निवेश 95 अरब डॉलर था और इस साल यह आंकड़ा और भी ज्यादा हो सकता है। निश्चित रूप से यह 100 अरब डॉलर के पार और यहां तक कि 110 अरब डॉलर, 120 अरब डॉलर भी हो सकता है। यह एक निरंतर बढ़ोतरी है, जिसका मतलब है कि यह सिर्फ एक साल का मामला नहीं है। आने वाले वर्षों में एफडीआई के जरिये और ज्यादा निवेश देखने को मिलेगा। वित्त वर्ष 2026 में सकल एफडीआई आवक 17 फीसदी बढ़कर 95 अरब डॉलर रही। मार्च में एफडीआई प्रवाह 1.57 अरब डॉलर रहा, जो एक साल पहले दर्ज की गई 50.2 करोड़ डॉलर की निकासी के उलट था। लेकिन यह फरवरी के स्तर से कम था। सकल प्रवाह में मजबूती के बावजूद विदेशी निवेशकों के पैसा वापस ले जाने और भारतीय कंपनियों का विदेश में निवेश बढ़ने के कारण शुद्ध एफडीआई कमजोर बना हुआ है। बैंक ऑफ बड़ौदा के एक अर्थशास्त्री ने कहा कि सकल एफडीआई का आंकड़ा बहुत शानदार रहा है और हो सकता है कि इस साल यह 100 अरब डॉलर तक पहुंच जाए। अहम बात यह है कि वापस आने वाली रकम कितनी रहती है। एक तीसरा पहलू यह भी है कि भारतीय कंपनियों ने विदेश में अपना निवेश बढ़ाया है, चाहे अपनी सहायक कंपनियों में हो या फिर वहां दूसरी कंपनियों को खरीदने के लिए।

# मैसी फर्ग्यूसन ने लांच किया नया 241 फोर-व्हील ड्राइव ट्रैक्टर

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 जून।

किसानों के लिए मैसी फर्ग्यूसन ने अपना नया 241 फोर-व्हील ड्राइव ट्रैक्टर बाजार में उतार दिया है। 42 हॉर्सपावर क्षमता वाला यह ट्रैक्टर छोटे और मध्यम किसानों के साथ-साथ व्यावसायिक खेती करने वालों के लिए भी उपयोगी माना जा रहा है। कंपनी का दावा है कि यह ट्रैक्टर जुताई, खेत की तैयारी, ढुलाई और अन्य भारी कृषि कार्यों को अधिक आसान और प्रभावी बनाएगा। मैसी फर्ग्यूसन 241 फोर-व्हील ड्राइव में 2500 सीसी का तीन सिलेंडर इंजन दिया गया है, जो बेहतर शक्ति और प्रदर्शन प्रदान करता है।

## फटाफट खबरें

### मैसी फर्ग्यूसन ने लांच किया नया 241 फोर-व्हील ड्राइव ट्रैक्टर

नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 जून।

किसानों के लिए मैसी फर्ग्यूसन ने अपना नया 241 फोर-व्हील ड्राइव ट्रैक्टर बाजार में उतार दिया है। 42 हॉर्सपावर क्षमता वाला यह ट्रैक्टर छोटे और मध्यम किसानों के साथ-साथ व्यावसायिक खेती करने वालों के लिए भी उपयोगी माना जा रहा है। कंपनी का दावा है कि यह ट्रैक्टर जुताई, खेत की तैयारी, ढुलाई और अन्य भारी कृषि कार्यों को अधिक आसान और प्रभावी बनाएगा। मैसी फर्ग्यूसन 241 फोर-व्हील ड्राइव में 2500 सीसी का तीन सिलेंडर इंजन दिया गया है, जो बेहतर शक्ति और प्रदर्शन प्रदान करता है। इसकी पीटीओ क्षमता लगभग 35.7 हॉर्सपावर है, जिससे रोटावेटर, थ्रेशर और अन्य कृषि उपकरणों का संचालन आसानी से किया जा सकता है। ट्रैक्टर में 8 फॉरवर्ड और 2 रिवर्स गियर का विकल्प दिया गया है, जिससे विभिन्न प्रकार के कृषि कार्यों के दौरान बेहतर नियंत्रण मिलता है। कंपनी ने इसमें ड्यूल क्लच, पावर स्टीयरिंग और ऑयल इमर्स्ड ब्रेक जैसी सुविधाएं भी दी हैं।

### नई कार खरीदते ही 20 प्रतिशत तक घट जाती है उसकी कीमत

नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 जून।

बहुत कम लोग जानते हैं कि शोरूम से बाहर निकलते ही कार की बाजार कीमत कम क्यों हो जाती है। जानकारों के अनुसार यह एक सामान्य प्रक्रिया है और इसके पीछे कई व्यावहारिक कारण होते हैं। विशेषज्ञ बताते हैं कि जब तक कार शोरूम में खड़ी रहती है, तब तक उसे पूरी तरह नई माना जाता है। लेकिन जैसे ही वाहन ग्राहक के नाम पर पंजीकृत होता है और सड़क पर उतरता है, वह तकनीकी रूप से इस्तेमाल किए गए वाहन की श्रेणी में आ जाता है। यही कारण है कि उसकी पुनर्विक्रय कीमत तत्काल प्रभावित होती है। वाहन बाजार के जानकारों के अनुसार नई कार खरीदने के बाद उसकी कीमत में लगभग 10 से 20 प्रतिशत तक की कमी आ सकती है। उदाहरण के तौर पर यदि किसी कार की ऑन-रोड कीमत 10 लाख रुपये है तो खरीद के तुरंत बाद उसकी संभावित बाजार कीमत 8 से 9 लाख रुपये के बीच रह सकती है। इस गिरावट का एक बड़ा कारण पंजीकरण शुल्क, सड़क कर, बीमा और अन्य प्रशासनिक खर्च हैं, जो खरीद के समय ग्राहक से लिए जाते हैं लेकिन पुनर्विक्रय के दौरान वापस नहीं मिलते।

# भारत भविष्य के लिए तैयार डिजिटल अर्थव्यवस्था बना रहा है : जितिन प्रसाद

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 जून।

सरकार के अनुसार, भारत इनोवेशन, एंटरप्रेन्योरशिप और टेक्नोलॉजी के मामले में आत्मनिर्भरता पर आधारित एक ऐसी डिजिटल इकोनॉमी बना रहा है जो भविष्य के लिए तैयार है।



इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि 'इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन' और 'इंडिया एआई मिशन' जैसी प्रमुख पहलें रिसर्च, मैन्युफैक्चरिंग और इनोवेशन-आधारित विकास के लिए नए रास्ते खोल रही हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार प्रगतिशील नीतियों, 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' और टेक्नोलॉजी तक बेहतर पहुंच के जरिए एक अनुकूल इकोसिस्टम बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। आईटी मंत्रालय के तहत 'सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया' (एसटीपीआई) ने यहां 'एसटीपीआई टेक समिट 2026: इंडियाज नेक्स्ट लीप' का आयोजन किया, जिसमें सरकार के वरिष्ठ अधिकारी, वेंचर कैपिटलिस्ट और इकोसिस्टम को बढ़ावा देने वाले लोग शामिल हुए। प्रसाद ने कहा कि जैसे-जैसे भारत ग्लोबल टेक्नोलॉजी और इनोवेशन में लीडर बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है, एसटीपीआई जैसे संस्थान एंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा देने, इनोवेशन को पोषित करने, उभरते टेक्नोलॉजी इकोसिस्टम को मजबूत करने और ग्लोबल मार्केट के लिए वर्ल्ड-क्लास समाधानों के विकास को सक्षम करने में अहम भूमिका निभाएंगे।'

मीटी (टी३) के सेक्रेटरी एस कृष्णन ने एसटीपीआई के 35 साल पूरे होने पर कहा कि हमें आगे के मौकों की पहचान करनी चाहिए और उभरते क्षेत्रों में विकास को गति देने के लिए इसकी मजबूत विरासत का लाभ उठाना चाहिए।

एसटीपीआई की सबसे बड़ी ताकतों में से एक हमेशा से इसकी लोगों को एक साथ लाने की क्षमता रही है, यानी एंटरप्रेन्योर्स, मेंटर्स, वेंचर कैपिटलिस्ट और इंडस्ट्री से जुड़े लोगों को एक साथ लाकर इनोवेशन के लिए जरूरी माहौल तैयार करना।

# फ्लैक्स फ्यूल तकनीक से लैस कार लॉन्च करेगी मारुति सुजुकी

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 जून।

भारतीय बाजार में वाहन निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी एक नई तकनीक के साथ प्रवेश करने जा रही है। मारुति सुजुकी इस सप्ताह अपनी पहली फ्लैक्स फ्यूल तकनीक से लैस कार लॉन्च करने की तैयारी में है। माना जा रहा है कि यह कदम वैकल्पिक ईंधन को बढ़ावा देने और उपभोक्ताओं को ईंधन खर्च में राहत देने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। मारुति सुजुकी लंबे समय से नई और उन्नत तकनीकों पर काम करती रही है और अब कंपनी फ्लैक्स फ्यूल तकनीक को भारतीय ग्राहकों तक पहुंचाने जा रही है। फ्लैक्स फ्यूल वाहन पेट्रोल के साथ एथेनॉल मिश्रित ईंधन पर भी चल सकते हैं, जिससे पारंपरिक पेट्रोल पर निर्भरता कम होती है। इससे ईंधन लागत में कमी आने के साथ-साथ प्रदूषण को नियंत्रित करने में भी मदद मिलती है। कुछ समय पहले केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने भी मारुति की फ्लैक्स फ्यूल कार के जल्द लॉन्च होने की जानकारी दी थी।

इसके बाद से ऑटोमोबाइल बाजार में इस नई तकनीक को लेकर उत्सुकता बढ़ गई थी। हालांकि कंपनी ने अभी तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि कौन सा मॉडल सबसे पहले फ्लैक्स फ्यूल तकनीक के साथ पेश किया जाएगा। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत में एथेनॉल मिश्रित ईंधन के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए फ्लैक्स फ्यूल वाहनों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। सरकार भी लंबे समय से एथेनॉल आधारित ईंधन के उपयोग को प्रोत्साहित कर रही है।

# भारत-अमेरिका डील पर जुलाई के मध्य तक लग सकती है मुहरः गोयल

## इस महीने के अंत तक भारत का दौरा कर सकती है अमेरिका की एक उच्च स्तरीय टीम

नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 जून।

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच करीब सालभर से चल रही व्यापार वार्ता पर अंतिम मुहर लगने का समय अब आ गया है। उन्होंने बताया कि भारत और अमेरिका जुलाई के मध्य तक द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण को लागू करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। यह दावा उन्होंने ट्रेड डील पर बात करने आई अमेरिकी टीम से मुलाकात के बाद किया है। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि हम सभी खुले मुद्दों को तेजी से सुलझा रहे हैं और मुझे लगता है कि अगले महीने के मध्य



तक हम द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले और बेहद महत्वपूर्ण चरण को लागू करने की स्थिति में होंगे। यह हमारे द्विपक्षीय व्यापार समझौते का सिर्फ पहला चरण है, जिससे भारत को अपने प्रतिस्पर्धियों की तुलना में विशेष पहुंच मिलेगी। साथ ही इस महीने के अंत तक अमेरिका की एक उच्च स्तरीय टीम भारत का दौरा कर सकती है, जिसका नेतृत्व संभवतः अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमिसन ग्रीर करेंगे।

एक तरफ तो भारत और अमेरिका व्यापार समझौते पर आगे बढ़ रहे हैं और दूसरी ओर बुधवार को अमेरिका ने भारत से आयात पर अतिरिक्त 12.5 फीसदी टैरिफ लगाने का प्रस्ताव दे दिया।

अमेरिका ने आरोप लगाया कि भारत उन 60 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है जो जबरन श्रम से बने आयात को रोकने में असफल रही हैं. गोयल ने बताया कि हमारे पास दिल्ली में अमेरिका के व्यापार के अलग-अलग विभागों के अधिकारियों की पूरी टीम थी।

## आज का सुविचार

मन की शांति सबसे महंगा गहना है, इसे संभाल कर रखें। शिकायतें कम और कृतज्ञता ज्यादा, यही खुशी का सबसे सरल सूत्र है।

# बेइज्जती के प्रतिशोध में दूध कारोबारी को मारीं आठ गोलियां, गंगनहर में फेंका, एक गिरफ्तार

» **लोनी, यूटर्न/ 06 जून ।**

गनौली गांव निवासी दूध कारोबारी ओंकार उर्फ ओमन को बेइज्जती का बदला लेने के लिए आठ गोली मारकर गंगनहर में बहाया गया था। यह बात पुलिस गिरफ्त में आए गनौली गांव निवासी आरोपी मोहित ने पुलिस के सामने कबूल की। पुलिस ने आरोपी का सामना दूध कारोबारी के परिवार से भी कराया तो उस समय भी यही बात बताई।

घटना 30 मई की सुबह अंजाम देकर कारोबारी को पूठखास पुल के पास गंगनहर में फेंक दिया गया। हालांकि पुलिस न तो ओमन को तलाश कर पाई है और न ही भागे हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर सकी है। घटना से एक दिन पूर्व कारोबारी ने बेटे के साथ झगड़ा करने के आरोप में आरोपी सौरभ और उसके पिता की बेइज्जती करते हुए मारपीट की थी। इसी बदले के लिए कारोबारी के साथ वारदात को अंजाम दिया। उधर, धरने पर बैठे परिजन ने ओमन के न मिलने तक धरना जारी रखने की बात कही है।

डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि शुक्रवार सुबह आरोपी मोहित को गिरफ्तार किया गया है। मोहित ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि गांव के



गोपाल से उसकी दोस्ती है। 20 अप्रैल को दूध कारोबारी ओमन के बेटे देवांश से सौरभ का झगड़ा हो गया था। देवांश ने पुलिस को दी शिकायत में उसका नाम भी लिखा था। चूंकि गोपाल से उसकी दोस्ती है। साथ ही सौरभ और गोपाल की भी दोस्ती थी। झगड़े में समझौता करने के लिए गनौली निवासी विक्की के घर 29 मई को पंचायत की गई थी। इसमें दूध कारोबारी ने सौरभ और उसके पिता विजेंद्र की बेइज्जती करते हुए मारपीट की थी। पिता-पुत्र दोनों उसी दिन से रंजिश मानने लगे। उसी रात को उन्होंने ओमन की हत्या की साजिश रची थी। इसके लिए गौरव, सौरभ उर्फ भोला, गोपाल और गौतमबुद्ध नगर के बादलपुर निवासी मोहित को भी शामिल किया। सभी ने 30 मई की सुबह वारदात को अंजाम देने की योजना बनाई, चूंकि कारोबारी सुबह चारा लेने जाते थे।

29 मई की रात आरोपी सौरभ की कार से सभी गांव के बाहर निकले। सौरभ एक पिस्टल और तमंचा भी लेकर आया था। जावली से होते हुए टीला गांव के शराब ठेके से शराब खरीदी और गांव के बाहर खेत में जाकर शराब पी। इसके बाद कारोबारी का इंतजार करने लगे। 30 मई की तड़के जब कारोबारी खेत की तरफ आते हुए देखा तो सभी ने कार से उनकी बाइक का पीछा किया। खरखड़ी गांव अंडरपास के नीचे बाइक रोककर कारोबारी को ताबड़तोड़ आठ गोलियां मारी थीं इसके बाद कारोबारी को लहूलुहान हालत में कार की डिग्गी में डालकर जंगल की ओर चल दिए और पूठखास पुल से 600 मीटर दूर गंगनहर में फेंक दिया।

इससे पहले आरोपी रटौल होते हुए हिंडन नदी पुरामहादेव रोड पर पहुंचें। वहां नदी में पानी कम था और किसानों का आना जाना भी था। इसलिए वहां पर ओमन को नहीं फेंक पाए। हालांकि अभी पुलिस को ओमन नहीं मिल सकें हैं।

# टेलीग्राम टास्क और क्रिप्टो ट्रेडिंग में मुनाफे का झांसा देकर 43.12 लाख रुपये ठगे

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 06 जून ।**

जालसाजों ने टेलीग्राम पर ऑनलाइन टास्क पूरे कराने और क्रिप्टो ट्रेडिंग में भारी मुनाफे का लालच देकर सेक्टर-31 निवासी एक व्यक्ति से 43.12 लाख रुपये की ठग लिए। पीड़ित ऋषभ जैन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 15 मई को उन्हें एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया। इसके बाद टेलीग्राम के माध्यम से पार्ट-टाइम कमाई का प्रस्ताव दिया गया और कथित कंपनी प्रतिनिधियों ने ऑनलाइन टास्क पूरे करने पर भुगतान का भरोसा




दिया। शुरूआत में अमेजन उत्पादों के लिंक पर क्लिक कर स्क्रीनशॉट भेजने जैसे टास्क दिए गए। बाद में क्रिप्टो ट्रेडिंग के नाम पर निवेश करवाया जाने लगा।

शिकायतकर्ता के अनुसार शुरूआती निवेश पर निकासी कराकर भरोसा बनाया गया, लेकिन बाद में बड़ी रकम जमा कराने के बाद निकासी रोक दी गई। आरोपियों ने खाता अपग्रेड फीस, केवाईसी शुल्क, एडवांस टैक्स और अन्य चार्ज के नाम पर लगातार रकम जमा करवाई। 17 मई से 1 जून के बीच उन्होंने अपने विभिन्न बैंक खातों से कुल 43,12,928 रुपये अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कर दिए। पीड़ित का आरोप है कि जब उसने अपनी रकम वापस निकालने की कोशिश की तो आरोपियों ने नए-नए शुल्क मांगने शुरू कर दिए। बाद में कथित आरोपी टेलीग्राम अकाउंट बंद कर गायब हो गए।

ठगी का पता चलने पर पीड़ित ने साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस को शिकायत दी। पुलिस के अनुसार शिकायत के आधार पर साइबर अपराध सेंट्रल थाना में 5 जून को प्राथमिकी दर्ज कर ली है। मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(4) लगाई गई है, जो धोखाधड़ी कर संपत्ति या धनराशि हासिल करने से संबंधित आरोपों को कवर करती है। पुलिस लाभार्थी खातों, लेनदेन और डिजिटल माध्यमों की जांच कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### साइबर गिरोह को खाता मुहैया कराने वाला पकड़ा

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 06 जून ।**

मेट्रोमोनियल एप पर जान-पहचान बढ़ाकर एक व्यक्ति से 45 लाख रुपये की साइबर ठगी करने वाले गिरोह को बैंक खाता मुहैया कराने के आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। शिकायत के आधार पर साइबर थाना बल्लभगढ़ में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने तीन जून को हांसी, हिसार के गांव कुंभा निवासी विजय को गिरफ्तार किया। विजय ने खाताधारक ऋषभ का बैंक खाता प्राप्त कर साइबर ठगों को मुहैया कराया था। उस खाते में ठगी गई रकम में से 1 लाख 85 हजार रुपये ट्रांसफर हुए थे। पुलिस के अनुसार खाताधारक ऋषभ को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। जांच में यह भी सामने आया कि विजय पूर्व में साइबर ठगी के मामलों में शामिल रहा है और उत्तर प्रदेश के नोएडा में दर्ज एक मामले में जेल जा चुका है। पुलिस अब उससे गिरोह के अन्य सदस्यों और साइबर ठगी के नेटवर्क के बारे में पूछताछ कर रही है। आरोपी को दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### साइबर ठगी के मामले में खाताधारक जयपुर से गिरफ्तार

**फरीदाबाद, यूटर्न/ 06 जून ।**

सीबीआई अधिकारी बताकर गिरफ्तारी और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जांच का भय दिखाकर वरिष्ठ नागरिक से 1.24 करोड़ रुपये से अधिक की साइबर ठगी करने के मामले में साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने तीन जून को जयपुर से खाताधारक आरोपी अमित (59) को गिरफ्तार किया है। आरोपी मूलरूप से रायपुर (राजस्थान) का रहने वाला है और वर्तमान में जयपुर के त्रिपोलिया बाजार क्षेत्र में रह रहा था। जांच में सामने आया कि आरोपी के बैंक खाते में ठगी गई रकम में से करीब 32 लाख रुपये ट्रांसफर हुए थे। पुलिस जांच में सामने आया कि अमित खाताधारक है और उसने अपना बैंक खाता साइबर ठगों को उपलब्ध कराया हुआ था। उसके खाते में ठगी की रकम में से लगभग 32 लाख रुपये ट्रांसफर हुए थे। आरोपी कीमती पत्थरों के व्यापार से जुड़ा बताया गया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर आठ दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान साइबर ठगी गिरोह के अन्य सदस्यों, बैंक खातों और रकम के लेन-देन की जांच की जा रही है।

# हत्या के प्रयास में चार दोषियों को 10-10 साल का कारावास

» **फरीदाबाद, यूटर्न/ 06 जून ।**

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सुरेंद्र कुमार की अदालत ने हत्या के प्रयास के मामले में चार आरोपियों को दोषी ठहराते हुए 10-10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने यह फैसला चार जून को सुनाया। मामला थाना बीपीटीपी में 30 मई 2024 को दर्ज एफआईआर से संबंधित है, जिसमें आरोपियों के खिलाफ धारा 148, 149, 341, 323, 325, 427, 506 और 307 आईपीसी के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। दोषियों की पहचान गांव अटाली निवासी ईश्वर, गांव मच्छगर निवासी प्रीतम, गांव गाठी पट्टी, होडल निवासी योगेश उर्फ बब्बू और आर्य



नगर बल्लभगढ़ निवासी प्रशांत उर्फ पुनीत के रूप में हुई है। अदालत ने 1 जून को चारों को दोषी करार दिया था, जबकि सजा पर अंतिम आदेश चार जून को जारी किया गया। मामले के अनुसार शिकायतकर्ता गजेंद्र निवासी गांव अटाली ने पुलिस को 30 मई 2024 में दी शिकायत में बताया था कि उसका बेटा मनोज अस्पताल से बाहर निकला था।

# होटल में छोड़कर भागा दोस्त तो युवती ने लगा लिया फंदा

» **गाजियाबाद, यूटर्न/ 06 जून ।**

विजयनगर थाना क्षेत्र स्थित होटल के कमरे में युवती ने अपने ही दुपट्टे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक युवती के साथ कमरे में एक गैर संप्रदाय का युवक भी था जो दो घंटे पहले ही होटल से घर चला गया था। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर लिया है। मेडिकल टीम की निगरानी में युवती के शव का पोस्टमार्टम किया गया है। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने मोक्ष धाम में ही शव का दाह संस्कार कर दिया।

एसीपी नगर कोतवाली उपासना पांडेय ने बताया कि बृहस्पतिवार की रात भूड़ भारत रेलवे रोड स्थित अंश होटल व गेस्ट हाऊस के कर्मचारी ने पुलिस को सूचना दी कि कमरे में एक 18 वर्षीय युवती ने आत्महत्या कर ली है। मौके पर पहुंची पुलिस कमरे का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसी और फोरेंसिक टीम ने होटल के कमरे से साक्ष्य जुटाए और शव मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा।

एसीपी के मुताबिक बृहस्पतिवार की दोपहर 12 बजे युवती अकेले ही होटल में आती दिखाई पड़ी। जहां नदीम(19) कमरा बुक करके पहले से ही मौजूद था। शाम करीब आठ बजे नदीम बहाना बनाकर अपने घर चला गया। इसके बाद रात करीब 10 बजे युवती ने होटल के कमरे में अपने ही दुपट्टे से फंदा लगाकर जान दे दी। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने होटल के कमरे से साक्ष्य जुटाए।

एसीपी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में आरोपी युवक एक बार होटल में आता और शाम को होटल से जाता दिखाई पड़ा है। जबकि युवक के जाने के बाद युवती दो बार होटल से बाहर आने



▢ एसीपी नगर कोतवाली उपासना पांडेय ने बताया कि बृहस्पतिवार की रात भूड़ भारत रेलवे रोड स्थित अंश होटल व गेस्ट हाऊस के कर्मचारी ने पुलिस को सूचना दी कि कमरे में एक 18 वर्षीय युवती ने आत्महत्या कर ली है।

और फिर कमरे में अकेले पहुंचने तक सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई है।

मां ने युवती को मार दिए थे थप्पड़ : एसीपी ने बताया कि युवती के परिजनों से भी पूछताछ की गई है। युवती की मां ने बताया कि गैर संप्रदाय के युवक के साथ खुलेआम घूमने पर उन्होंने बेटी से पूछताछ की थी। युवती नहीं मानी तो दो थप्पड़ जड़ दिए थे। एसीपी का कहना है कि प्रथम दृष्टया मां की पिटाई और होटल में छोड़कर युवक के भाग जाने से आहत युवती ने आत्महत्या की है। मोबाइल में 17 कॉल 63 मैसेज : पुलिस ने आरोपी का मोबाइल खंगाला तो उसमें बृहस्पतिवार को 17 कॉल और 63 मैसेज युवती ने नदीम को किए थे।

# बीएस-4 वाहनों पर रोक की तैयारी से ट्रांसपोर्टरों में चिंता

**गाजियाबाद, यूटर्न/ 06 जून ।** शहर में प्रदूषण कम करने के लिए एक नवंबर 2026 से बीएस-4 ट्रकों और बसों के प्रवेश पर संभावित प्रतिबंध को लेकर ट्रांसपोर्टरों में चिंता है। उनका कहना है कि इससे छोटे ट्रांसपोर्टरों की रोजी-रोटी पर सीधा असर पड़ेगा। संभागीय परिवहन विभाग के अनुसार शहर में करीब 50 हजार ट्रक-बसें प्रभावित होंगी। केंद्र सरकार ने पुराने वाहन हटाकर नए वाहन खरीदने पर पंजीकरण शुल्क माफी और 10 साल तक मोटर वाहन कर में छूट की घोषणा की है, लेकिन ट्रांसपोर्टर इसे नाकाफी बता रहे हैं।

टूरिस्ट बस टैक्सी ऑपरेटर यूनियन के अध्यक्ष संदीप त्यागी ने कहा कि 2022 तक खरीदे गए कई बीएस-4 वाहनों का लोन अब भी चल रहा है। वाहन कीमतें दोगुनी हो चुकी हैं, ऐसे में पुराना वाहन बेचकर नया लेना छोटे कारोबारियों के लिए मुश्किल है। उनके मुताबिक बेहतर तकनीक और सड़कों के चलते बीएस-4 वाहन अभी सालों तक चलने लायक हैं। बड़े ऑपरेटर वाहन दूसरे राज्यों में शिफ्ट कर सकते हैं, लेकिन सीमित बेड़ा रखने वालों के सामने संकट खड़ा होगा।




फ्रांस के पेरिस स्थित रोलां गैरो में फ्रेंच ओपन व्हीलचेयर टेनिस महिला युगल फाइनल के बाद चीन की झू झेनझेन, जापान की कामिजी युई और नीदरलैंड की जिन्टे बोस व लिजी डे ग्रेफ तस्वीर के लिए पोज देती हुईं।

# ऋषभ पंत के सामने करियर बचाने की चुनौती

## अफगानिस्तान टेस्ट बन सकता है टर्निंग पॉइंट

» नई दिल्ली, यूटर्न/ 06 जून ।




भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत अपने करियर के एक बेहद अहम दौर से गुजर रहे हैं। मैदान के भीतर और बाहर कई कठिन चुनौतियों का सामना कर चुके पंत के सामने अब एक बार फिर खुद को साबित करने की चुनौती है। गंभीर कार दुर्घटना से उबरकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार वापसी करने वाले पंत अब खराब फॉर्म और बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण दबाव में हैं। ऐसे में अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाला एकमात्र टेस्ट उनके लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। आईपीएल 2026 का सीजन ऋषभ पंत और उनकी टीम लखनऊ सुपर जायंट्स दोनों के लिए निराशाजनक रहा। बतौर कप्तान और बल्लेबाज वह उम्मीदों पर खरे नहीं उतर सके।

आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ियों में शामिल पंत न तो बल्ले से प्रभाव छोड़ पाए और न ही टीम को सफलता दिला सके। खराब प्रदर्शन के बाद उन्हें फ्रेंचाइजी की कप्तानी भी गंवानी पड़ी। स्थिति यहीं नहीं रुकी। अफगानिस्तान के खिलाफ मुल्लांपुर में खेले जाने वाले एकमात्र टेस्ट के लिए भारतीय टीम की उपकप्तानी भी उनसे वापस ले ली गई है। उनकी जगह केएल राहुल को उपकप्तान नियुक्त किया गया है। यह फैसला साफ संकेत देता है कि टीम प्रबंधन अब प्रदर्शन के आधार पर जिम्मेदारियां तय करने के पक्ष में है। दिलचस्प बात यह है कि ऋषभ पंत को उनकी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाना जाता है, लेकिन उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन टेस्ट क्रिकेट में देखने को मिला है। सीमित ओवरों के क्रिकेट में लगातार उतार-चढ़ाव के बीच टेस्ट प्रारूप ही उनकी सबसे बड़ी ताकत रहा है। हालांकि अब यहां भी उनकी जगह पूरी तरह सुरक्षित नहीं मानी जा रही है। भारतीय क्रिकेट में विकेटकीपर बल्लेबाजों की प्रतिस्पर्धा पहले से कहीं अधिक मजबूत हो गई है। केएल राहुल के अलावा ईशान किशन, संजू सैमसन और ध्रुव जुरेल लगातार अपनी दावेदारी मजबूत कर रहे हैं। ऐसे में पंत के लिए हर मैच और हर पारी बेहद महत्वपूर्ण हो गई है। यदि अफगानिस्तान के खिलाफ उन्हें अंतिम एकादश में मौका मिलता है तो यह उनके करियर का एक निर्णायक अवसर साबित हो सकता है। टेस्ट टीम में अपनी जगह मजबूत करने के लिए उन्हें बड़ी पारी खेलनी होगी। अगर इस प्रारूप में भी उनका प्रदर्शन उम्मीदों के अनुरूप नहीं रहा तो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनकी राह और कठिन हो सकती है। पंत के टेस्ट करियर पर नजर डालें तो उन्होंने अब तक 49 टेस्ट मैचों में 3476 रन बनाए हैं। उनका बल्लेबाजी औसत 42.91 रहा है, जबकि उनके नाम 8 शतक और 18 अर्धशतक दर्ज हैं। अफगानिस्तान के खिलाफ मैदान पर उतरते ही वह अपने करियर का 50वां टेस्ट मैच खेलेंगे। इसके अलावा उन्होंने 76 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में 1209 रन और 31 एकदिवसीय मैचों में 871 रन बनाए हैं। आंकड़े बताते हैं कि प्रतिभा और क्षमता की उनके पास कोई कमी नहीं है, लेकिन मौजूदा परिस्थितियों में उन्हें एक बार फिर अपने प्रदर्शन से जवाब देना होगा।

## दूसरी बार फीफा विश्वकप खिताब जीतने उतरेगी इंग्लैंड : केन

» फ्लोरिडा, यूटर्न/ 06 जून ।

11 जून से शुरू हो रहे फीफा विश्वकप फुटबॉल की तैयारियों में लगी इंग्लैंड टीम के कप्तान हैरी केन और मुख्य कोच थॉमस टुचेल ने कहा है कि उनका लक्ष्य दूसरी बार खिताब जीतना रहेगा। इंग्लैंड ने अब तक एक बार ही ये खिताब जीता है। उसने साल 1996 में अपनी मेजबान के दौरान पश्चिम जर्मनी को हराकर ये खिताब जीता था। उसके बाद से ही टीम एक बार भी खिताब नहीं जीत पायी है। वहीं कोच थॉमस टुचेल के मार्गदर्शन में टीम का प्रदर्शन पिछले कुछ समय में लगातार बेहतर हुआ है। विश्वकप के लिए इंग्लैंड टीम को ग्रुप एल में क्रोएशिया, घाना और पनामा के साथ शामिल किय गया है। टीम विश्वकप में अपना पहला मुकाबला 17 जून को क्रोएशिया के खिलाफ मुकाबले से करेगी। विश्व कप से पहले टीम यहां हालातों के अनुसार ढ़लने के लिए अपने को तैयार कर रही है। टीम ने विश्वकप के लिए अपने कुछ खिलाड़ियों डेक्लान राइस, नोनी मडुके और एबेरेची एजे को आराम दिया गया है पर अब ये सभी टीम से फिर जुड़ गये हैं। कप्तान हैरी केन ने कहा कि टीम एकजुट है और उसका लक्ष्य विश्वकप में बेहतर प्रदर्शन करना है। यहां तक कि इंग्लैंड टीम की आधिकारिक डॉक्यूमेंट्री बिल्डिंग द ड्रीम में भी दिखाया गया कि कोच टुचेल ने खिलाड़ियों के साथ अपनी पहली बैठक में ही विश्व कप जीतने के लक्ष्य पर बात की थी। टुचेल ने खिलाड़ियों से कहा, हम यहां विश्व विजेता बनने आये हैं। हम एक और खिताब हासिल करना चाहते है। हमारा लक्ष्य मिलकर खेलना और जीत हासिल करना है।

## पूर्व तेज गेंदबाज तल्हा जुबैर को नया गेंदबाजी कोच बना सकता है बीसीबी

» ढ़ाका, यूटर्न/ 06 जून ।



बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) तल्हा जुबैर को नया गेंदबाजी कोच बना सकता है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अगले सप्ताह 9 जून से शुरू हो रही तीन एकदिवसीय मैचों की घरेलू सीरीज से पहले ही उनको कोच की जिम्मेदारी दी जा सकती है। पूर्व तेज गेंदबाज जुबैर को घरेलू क्रिकेट में कोचिंग का लंबा अनुभव है। जुबैर को ऑस्ट्रेलिया के शॉन टेट की जगह ये जिम्मेदारी मिल रही है। इससे पहले टेट ने अचानक ही कोच पद छोड़ दिया था। टेट का कहना था कि वह अब अपना समय परिवार और बच्चों को देना चाहते हैं। पिछले एक साल से वह बांग्लादेश टीम से जुड़े हुए थे। टेट ने कहा, 'बीसीबी और बांग्लादेश की टीम के साथ मेरे 12 महीने ठीक रहे। मैं बीसीबी का धन्यवाद करना चाहता हूं। मुझे खिलाड़ियों के साथ काम करने में आनंद आया। मेरा तेज गेंदबाजों से अच्छा तालमेल हो गया था। उनके साथ काम करना अच्छा रहा।' उन्होंने साथ ही कहा कहा, 'मुझे नहीं लगता कि मेरा बांग्लादेश के साथ सफर यहीं खत्म हो गया है। यहां बीपीएल और अन्य अवसर भी हैं। भविष्य में क्या होगा, कोई नहीं जानता पर अभी मुझे लगता है कि परिवार को मेरी ज्यादा जरूरत है। साल भर चलने वाले टेस्ट और एकदिवसीय में कोच के तौर पर मैंने 12 महीने गुजार दिये हैं। अब समय आ गया है कि मैं परिवार के साथ भी रहूं।' गौरतलब है कि टेट पिछले साल मई में ही बांग्लादेश टीम के कोच बने थे।

# बॉलीबुड में ग्लैमर का तड़का



TRIPTI DIMRI



KRITI SANON

## फटाफट खबरें

### लंदन में मुख्य न्यायाधीश के व्याख्यान के दौरान हंगामा

**लंदन, यूटर्न/ 06 जून।** देश के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस सूर्यकांत इन दिनों छह दिवसीय लंदन दौरे पर हैं, जहां एक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय में आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम के दौरान उस समय तनावपूर्ण स्थिति पैदा हो गई जब कुछ प्रतिभागियों ने भारत से जुड़े राजनीतिक और लोकतांत्रिक मुद्दों पर सवाल उठाने की कोशिश की। मुख्य न्यायाधीश इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर शामिल हुए थे। जब कुछ लोगों ने भारत में असहमति (डिसेंट) को दबाने के कथित आरोपों को लेकर उनसे सीधे सवाल पूछने का प्रयास किया, तो कार्यक्रम के एंकर ने बीच-बचाव करते हुए स्थिति को संभालने की कोशिश की और स्पष्ट किया कि ये सवाल मुख्य व्याख्यान के तय विषय से पूरी तरह हटकर हैं।

### हमले में बाल-बाल बचे थे ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची

**तेहरान, यूटर्न/ 06 जून।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने एक साक्षात्कार में एक बड़ा खुलासा करते हुए बताया कि ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजरायल के सैन्य संघर्ष की शुरुआत में वे खुद एक भीषण हमले में बाल-बाल बचे थे। यह हमला ईरान के दिवंगत सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के दफ्तर पर हुआ था। अराघची ने बताया कि 28 फरवरी को संघर्ष के शुरुआती घंटों में जब इस इमारत को निशाना बनाया गया, तो वे खुद उसी दफ्तर के भीतर मौजूद थे। हमले के बाद जब वे मलबे से बाहर निकल रहे थे, तब उनके मन में खुद से ज्यादा सुप्रीम लीडर की सलामती को लेकर गहरी चिंता सता रही थी। घटना के खौफनाक मंजर को याद करते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि मलबे और तबाही के बीच लोगों को सुरक्षित निकालने के राहत कार्यों में जुटे रहने के दौरान, वे लगभग दो दिनों तक खामेनेई की सही स्थिति को लेकर पूरी तरह अनिश्चितता में रहे। उन्होंने बताया कि उस बेहद खतरनाक माहौल में सुरक्षाकर्मियों द्वारा बार-बार सुरक्षित बंकर या गुप्त स्थान पर जाने की सलाह दिए जाने के बावजूद, दिवंगत सुप्रीम लीडर अली खामेनेई ने अपना स्थान छोड़ने से साफ इनकार कर दिया था।

### अमेरिका ने मार गिराए ईरान के चार ड्रोन, रडार ठिकानों पर किया हमला

**वाशिंगटन, यूटर्न/ 06 जून।** अमेरिकी सेना ने होर्मुज जलडमरूमध्य की ओर भेजे गए ईरान के चार हमलावर ड्रोन मार गिराए। अमेरिकी सेंट्रल कमांड के अनुसार, इन ड्रोन से क्षेत्रीय समुद्री यातायात को गंभीर खतरा पैदा हो गया था। इसके जवाब में अमेरिकी सेना ने इस्लामिक रिपब्लिक के कुछ तटीय निगरानी रडार ठिकानों पर भी हमले किए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन द्वारा ईरान पर दबाव बढ़ाने के बीच इस ताजा सैन्य कार्रवाई से दोनों देशों के बीच बना नाजुक संघर्षविराम अब गहरे संकट में आ गया है। यह सैन्य टकराव ऐसे समय पर हुआ है जब अमेरिकी सेना ईरानी बंदरगाहों की आर्थिक नाकेबंदी कर रही है। अमेरिका ने यह कदम वैश्विक तेल और प्राकृतिक गैस आपूर्ति के लिए बेहद महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य में तेहरान द्वारा बनाए गए दबाव के जवाब में उठाया है। इस तनाव के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में ऊर्जा की कीमतों में तेज उछाल आया है।

# आईएईए पर अमेरिका का दबाव

## राजनीतिक इस्तेमाल न हो तभी कूटनीतिक समाधान संभव : ईरान

**» तेहरान, यूटर्न/ 06 जून।**



ईरान ने अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) पर राजनीति करने का आरोप लगाया है। इसके साथ ही, अपील की कि अगर वह कूटनीतिक समाधान का हिस्सा बनना चाहती है तो अपनी तकनीकी रिपोर्ट को 'राजनीतिक दबाव के हथियार' के रूप में न बदले।

ईरान के विदेश मंत्रालय में कानूनी और अंतरराष्ट्रीय मामलों के उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि निरीक्षण और सुरक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं को तब तक मजबूत नहीं किया जा सकता जब तक निष्पक्षता, अंतरराष्ट्रीय कानून का पालन, देशों की संप्रभुता का सम्मान और निगरानी में शामिल परमाणु सुविधाओं पर हमलों की स्पष्ट निंदा नहीं की जाती।

गरीबाबादी ने कहा कि आईएईए प्रमुख राफेल ग्रोसी ईरान के परमाणु कार्यक्रम में कमी और अस्पष्टता की बात करते हैं, लेकिन यह नहीं बताते कि इसकी वजह अमेरिका और इजरायल के हमले हैं।

उन्होंने कहा कि केवल सैन्य कार्रवाई, धमकियां और प्रस्ताव पारित करने से परमाणु सुरक्षा मजबूत नहीं होती। उनके अनुसार, असली मजबूती तभी आती है जब सब निष्पक्ष हों और नियमों का सम्मान किया जाए।

गरीबाबादी ने आगे कहा कि जिन परमाणु केंद्रों पर अंतरराष्ट्रीय निगरानी का जिम्मा है, उन पर बमबारी करना, निरीक्षण की पहुंच और सुरक्षा को खत्म करना और फिर उन्हीं हमलों के परिणामों को 'अनिश्चितता' के रूप में ईरान के खिलाफ इस्तेमाल करना उचित नहीं है।

ईरानी उप विदेश मंत्री का आरोप है कि आईएईए प्रमुख अमेरिका और पश्चिमी देशों के प्रभाव में काम कर रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि ऐसी स्थिति में एजेंसी निष्पक्ष कैसे रह सकती है। गरीबाबादी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की रिपोर्ट्स में बार-बार '60 प्रतिशत' यूरेनियम संवर्धन का उल्लेख करना और संभावित हथियार संबंधी परिदृश्यों को पेश करना, बिना स्पष्ट कानूनी संदर्भ दिए, तकनीकी से अधिक राजनीतिक कदम प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि अप्रसार संधि (एनपीटी) में यूरेनियम संवर्धन के प्रतिशत की कोई निश्चित सीमा निर्धारित नहीं की गई है। कानूनी दृष्टि से मुख्य मानदंड यह है कि परमाणु सामग्री और गतिविधियों का उपयोग सैन्य उद्देश्यों के लिए न किया जाए।

गरीबाबादी ने दावा किया कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह शांतिपूर्ण रहा है और देश ने हमेशा अपनी कानूनी प्रतिबद्धताओं के दायरे में रहकर काम किया है।

### मोरों के आतंक से परेशान है इटली के लोग, संख्या में हुई अभूतपूर्व वृद्धि

**» रोम, यूटर्न/ 06 जून।**

इटली के एड्रियाटिक तट पर बसे एक शांत शहर पुंटा मरीना मोरों की बेकाबू आबादी की समस्या से जूझ रहा है। इस तटीय शहर में 2023 के बाद से मोरों की संख्या में 4 से 5 गुना की अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज की गई है। लगभग 100 से 150 तक मोर अब खुलेआम सड़कों, बगीचों और घरों के आसपास घूमते हुए देखे जा सकते हैं, जिससे स्थानीय लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। यह कहानी कुछ साल पहले एक अकेले मोर के कैद से भागकर पुंटा मरीना के पास देवदार के घने जंगलों में शरण लेने से शुरू हुई थी।

बाद में, एक मादा साथी के आने से इस पक्षी युगल का कुनबा धीरे-धीरे बढ़ने लगा। समय के साथ, इनकी आबादी ने आसपास के जंगलों की सीमाएं लांघकर पूरे शहर में अपना विस्तार कर लिया। मोरों की आबादी में सबसे बड़ा उछाल कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान आया।

# रूस एसयू-57 तकनीक और सोर्स कोड भारत को देने के लिए तैयार

## पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान पर फिर बढ़ी चर्चा

**» मास्को, यूटर्न/ 06 जून।**



भारतीय वायुसेना की भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमानों को लेकर फिर चर्चा तेज है। इस बीच रूस ने भारत के सामने अपने अत्याधुनिक सुखोई एसयू-57 लड़ाकू विमान कार्यक्रम में सहयोग का प्रस्ताव दिया है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सेंट पीटर्सबर्ग में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कहा कि मॉस्को भारत के साथ पांचवीं पीढ़ी की लड़ाकू विमान तकनीक पर संयुक्त रूप से काम करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

पुतिन ने एसयू-57 को दुनिया के सबसे उन्नत लड़ाकू विमानों में से एक बताकर कहा कि रूस भारत के साथ इस परियोजना में सहयोग का स्वागत करेगा। उन्होंने कहा कि भले ही विमान का विकास रूस ने स्वतंत्र रूप से किया हो, लेकिन भारत के साथ तकनीकी साझेदारी करने में कोई बाधा नहीं है। उन्होंने संकेत दिया कि वायु रक्षा प्रणालियों के क्षेत्र में भी दोनों देशों के बीच सहयोग की व्यापक संभावनाएं मौजूद हैं।

गौरतलब है कि भारत और रूस पहले पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान (एफजीएफए) परियोजना पर साथ काम कर रहे थे। हालांकि वर्ष 2018 में भारत इस परियोजना से अलग हो गया था। उस समय भारतीय वायु सेना ने विमान की स्टील्थ क्षमता, एवियोनिक्स और कुछ अन्य तकनीकी विशेषताओं को लेकर अपनी चिंताएं व्यक्त की थीं। रक्षा विशेषज्ञों का मानना था कि उस समय विमान भारतीय आवश्यकताओं पर पूरी तरह खरा नहीं उतर रहा था।

हाल के वर्षों में बदलते सुरक्षा परिदृश्य और आधुनिक लड़ाकू विमानों की बढ़ती आवश्यकता के बीच SU-57 को लेकर फिर से चर्चा शुरू हुई है। विभिन्न रिपोर्टों में दावा किया गया है कि भारत इस विमान की संभावित खरीद या साझेदारी के विकल्पों पर विचार कर सकता है। हालांकि इस संबंध में कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

# मोदी को दोस्त बता टैरिफ लगाने की बात कर रहे ट्रंप

**बोले- भारत ने दशकों तक खूब फायदा उठाया, अब अमेरिका कर रहा टैरिफ से कमाई**



**» वॉशिंगटन, यूटर्न/ 06 जून।**


अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत के साथ व्यापार को लेकर कहा कि लंबे समय तक भारत ने अमेरिका पर ऊंचे टैरिफ लगाए और उसका फायदा उठाया। ट्रम्प ने दावा किया कि अब स्थिति बदल गई है और अमेरिका भारत से अच्छी कमाई कर रहा है। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका और भारत के बीच जल्द ही एक बड़ा व्यापार समझौता हो सकता है। मोदी मेरे दोस्त हैं और हम एक-दूसरे को अच्छी तरह समझते हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब अमेरिका की एक टीम हाल ही में नई दिल्ली में भारत सरकार के अधिकारियों के साथ कई दौर की बातचीत कर चुकी है। दोनों देश एक अस्थायी व्यापार समझौते पर सहमति बनाने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि व्यापार से जुड़े कुछ मुद्दों का जल्द समाधान किया जा सके।

भारत के वाणिज्य मंत्रालय का कहना है कि बातचीत सकारात्मक रही है और दोनों देश ऐसा समझौता करना चाहते हैं जिससे भारत और अमेरिका, दोनों को फायदा हो यानी दोनों पक्ष अभी भी व्यापार समझौते को आगे बढ़ाने के लिए काम कर रहे हैं। समझौतों को लेकर बातचीत के बीच एक नई मुश्किल खड़ी हो गई है। अमेरिका ने कुछ देशों पर अतिरिक्त आयात शुल्क लगाने का प्रस्ताव रखा है। अमेरिका का कहना है कि ये देश जबरन मजदूरी से जुड़े मामलों को रोकने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठा रहे हैं। इस प्रस्तावित सूची में भारत का नाम भी शामिल है। अगर यह फैसला लागू होता है, तो अमेरिका जाने वाले भारतीय सामान पर 12.5फीसदी अतिरिक्त शुल्क लग सकता है।

# पाकिस्तान हमेशा अमेरिका के प्रति रहेगा आभारी: शहबाज शरीफ

**» इस्लामाबाद, यूटर्न/ 06 जून।**



पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जमकर तारीफ करते हुए उन्हें एक शांतिप्रिय व्यक्ति बताया है। शरीफ ने कहा कि भारत के साथ सैन्य संघर्ष को खत्म कराने में राष्ट्रपति ट्रंप के समय पर किए गए हस्तक्षेप के लिए पाकिस्तान हमेशा उनका आभारी रहेगा। अमेरिकी स्वतंत्रता की 250वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित एक विशेष समारोह में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने अमेरिका और पाकिस्तान के द्विपक्षीय संबंधों को लगभग आठ दशकों से जारी एक सच्चा और खास रिश्ता करार दिया।

शहबाज शरीफ ने पिछले साल जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले का जिक्र किया, जिसमें 26 लोगों की जान चली गई थी। इस घटना के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच चार दिनों तक गंभीर सैन्य संघर्ष चला था। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री ने दावा किया कि पहलगाम घटना के बाद भारत की आक्रामकता को देखते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने समय रहते निर्णायक भूमिका निभाई, जिसके कारण पिछले साल 10 मई को दोनों देशों के बीच जारी सैन्य संघर्ष पूरी तरह थम सका। उन्होंने कहा कि दक्षिण एशिया में शांति बहाल करने और लाखों लोगों की जान बचाने के लिए ट्रंप को हमेशा याद किया जाएगा।

गौरतलब है कि पहलगाम हमले के जवाब में भारत ने पिछले साल सात मई को ऑपरेशन सिंदूरशुरू किया था। इसका मुख्य उद्देश्य पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में सक्रिय आतंकी ढांचे को ध्वस्त करना था। हालांकि, जहां एक तरफ डोनाल्ड ट्रंप और पाकिस्तान इस मामले में अमेरिकी मध्यस्थता की बात कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ भारत का रुख इस पर हमेशा से अलग रहा है। भारत लगातार यह कहता आया है कि दोनों देशों के बीच हुआ समझौता पूरी तरह द्विपक्षीय था और उसने किसी भी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता के दावों को साफ तौर पर खारिज किया है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, C/O Ummpl Marketing Pvt. 194-G, Sector 63, Noida 201307, Editor: Sandeep Sharma
Contact - +91 9888200619
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आर.बी.एक्ट. के तहत जिम्मेवार *